तापमान
अधिकतम 36.0 डिग्री
न्यूनतम 12.9 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि

रोहतक, मंगलवार 17 मार्च 2026

12 लघु सचिवालय के खंडहर हो चुके भवन का होगा निर्माण...


12 देश में एक साथ होगी जनगणना घरों के साथ ...


## खबर संक्षेप

### कुवि में 30वीं वार्षिक कला प्रदर्शनी आज से

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के ललित कला विभाग द्वारा विभागीय कला दीर्घा में 30 वीं वार्षिक कला प्रदर्शनी-2026 का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रदर्शनी का उद्घाटन 17 मार्च 2026 को प्रातः 10.30 बजे विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा मुख्य अतिथि के रूप में करेंगे। विभागाध्यक्ष डॉ. गुरचरण सिंह ने बताया कि यह 30वीं वार्षिक कला प्रदर्शनी विभाग की समग्र कला शिक्षा के प्रति प्रतिबद्धता को दशार्ती है। फाइन आर्ट्स विभाग की एसोसिएट प्रोफेसर एवं संयोजक डॉ. मोनिका गुप्ता के नेतृत्व में आयोजित इस प्रदर्शनी में विद्यार्थियों और शोधार्थियों की 300 से अधिक उत्कृष्ट कलाकृतियां प्रदर्शित की जाएंगी।

### चौकीदार पर बिजली की तारें चोरी करने का आरोप

**यमुनानगर।** जगाधरी हुड्डा सेक्टर-17 निवासी एक व्यक्ति ने चौकीदार पर घर से बिजली की तारें चोरी करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। हुड्डा सेक्टर-17 निवासी गौरव गर्ग ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसने सागर को घर पर चौकीदार रखा हुआ है। 15 मार्च को नौ बजे उसे घर से बिजली की तारें गायब मिली। जब उसने अपने स्तर पर जांच किया तो पता चला कि यह बिजली की तारें चौकीदार सागर ने चोरी की है। आरोपी के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी।

### घर से चुराए लाखों रुपये की बिजली के तार

**यमुनानगर।** शहर के कैंप स्थित गुलाब नगर निवासी संजीव कुमार ने बताया कि वह शहर की गोल्डन पुरी में मकान बना रहा है। 14 मार्च को वह काम खत्म करवा कर घर चला गया था। अगले दिन जब वह वापस आया तो वहां से बिजली के तारों के बंडल गायब मिले। जांच करने पर मौके से 25 बंडल तार तथा एक की कॉपर की पाइप गायब मिली। जिसकी कीमत करीब एक लाख रुपये है। उसने चोरी की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### कार चालक ने महिला को रौंदा, पीजीआई में भर्ती

**अंबाला।** अंबाला छावनी के शास्त्री नगर में एक महिला को बेकाबू कार ने टक्कर मार दी। यह हादसा शनिवार रात को उस समय हुआ जब महिला अपने पति और बेटे के साथ मॉल में खरीदारी करने जा रही थी। महिला को गंभीर चोटें आई हैं। पीजीआई में भर्ती कराया गया है। सौरभ आनंद ने पुलिस को बताया कि रात पिता विनोद आनंद और माता अनीता आनंद के साथ वी-2 मॉल जा रहे थे। पिता सड़क पार कर चुके थे और वह खुद डिवाइडर पर खड़ा था। उसकी माता अनीता आनंद सड़क पार करने के लिए किनारे पर खड़ी थीं। तभी ब्रह्माकुमारी चौक की लालबत्ती की तरफ से तेज रफ्तार में आई कार ने अनीता आनंद को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि अनीता आनंद सड़क पर काफी दूर जा गिरीं।

### मोबाइल स्नेचिंग करने का आरोपी गिरफ्तार

**पानीपत।** सीआईए वन पुलिस टीम ने पट्टीकल्याणा के पास गुलशन ढाबा के नजदीक साइकिल सवार श्रमिक से मोबाइल स्नेचिंग करने के आरोपी को रविवार शाम को टोल प्लाजा के पास सेक्टर 18 ग्रीन बेल्ट सडक़ से गिरफ्तार किया। आरोपी की पहचान सोनीपत के रसूलपुर गांव निवासी विरेंद्र के रूप में हुई है। पूछताछ पर आरोपी ने गांव निवासी अपने एक दोस्त के साथ 22 फरवरी को बाइक पर सवार होकर पट्टीकल्याणा के पास गुलशन ढाबा के नजदीक साइकिल सवार एक युवक से मोबाइल स्नेचिंग करना स्वीकार कर लिया है।

---

### यमुनानगर में बारिश और आंधी तूफान के दौरान शिव कॉलोनी में बड़ा हादसा टला

**तार गिरते ही तेज धमाके की आवाज हुई और पूरे इलाके की बिजली गुल हो गई**

# हाई वोल्टेज तार रेलवे लाइन पर गिरी, कई ट्रेनें प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

यमुनानगर में रविवार देर रात तेज बारिश और आंधी तूफान के दौरान शहर के शिव कॉलोनी इलाके में बड़ा हादसा होते-होते टल गया। तेज हवाओं के कारण हाई वोल्टेज बिजली लाइन टूटकर रेलवे लाइन के ऊपर से गुजर रही तारों पर आ गिरी। तार गिरते ही तेज धमाके की आवाज हुई और पूरे इलाके की बिजली गुल हो गई। इसके साथ ही आसपास घरों में बिजली मीटर व उपकरण जल गए। धमाके की आवाज सुनकर आसपास के लोग घबराकर अपने घरों से बाहर निकल आए। सूचना मिलते ही पुलिस, बिजली निगम व रेलवे कर्मचारी मौके पर पहुंचे। हाई वोल्टेज बिजली का तार पास से गुजर रही रेलवे लाइन के ऊपर लटक रही थी। यदि उसी समय कोई ट्रेन वहां से गुजर जाती तो बड़ा रेल हादसा हो सकता था। स्थिति को गंभीर देखते हुए तुरंत स्टेशन पर सूचना दी गई। सूचना मिलते ही स्टेशन मास्टर ने एहतियात के तौर पर ट्रेनों को रुकवा दिया। जिससे संभावित बड़ा हादसा टल गया। क्षेत्र के पार्षद दीक्षित ने बताया कि रात करीब साढ़े 11 बजे तेज धमाके के साथ हाई वोल्टेज तार नीचे गिरा। इसके बाद करीब डेढ़ बजे तक इस रूट से कोई भी ट्रेन नहीं गुजरी।



यमुनानगर। शिव कॉलोनी में हादसे के बाद मौके पर मौजूद लोग। फोटो : हरिभूमि

### ट्रेन लेट होने से यात्रियों को हुई परेशानी

हादसे के बाद ट्रेन व्यवस्था बाधित रहा। जिस कारण रेलवे स्टेशन पर ट्रेन के इंतजार में बैठे यात्रियों को परेशानी हुई। रेलवे स्टेशन पर यात्री प्रेम सिंह ने बताया कि उन्हें परिवार के साथ मथुरा जाना था और उनकी करीब पौने 11 बजे की ट्रेन थी। उन्हें छत्तीसगढ़ की ट्रेन पकड़नी थी। लेकिन ट्रेन लेट होने की कोई सूचना स्टेशन पर नहीं दी गई। आधी रात हो जाने के कारण वह वापस घर भी नहीं जा सके और स्टेशन पर ही इंतजार करना पड़ा। इसी तरह रंजीत ने बताया कि उन्हें वृंदावन जाना था लेकिन ट्रेन न आने के कारण काफी परेशानी हुई। बाद में उन्होंने वेटिंग एरिया में बैठकर ट्रेन का इंतजार किया।

### आंधी में गिरे पेड़, यातायात बाधित

**कुरुक्षेत्र।** मौसम का मिजाज रविवार देर रात बदल गया और तेज आंधी के साथ ही जोरदार बारिश हुई। देर रात करीब दो घंटे तक बारिश हुई। तेज आंधी के चलते जिला में कई स्थानों पर पेड़ गिर गए। जिनको दिन काफी मशक्कत के बाद हटाया गया। ग्रारमीण इलाकों में पेड़ बिजली की लाइन पर ही गिर गए। जिसके चलते बिजली आपूर्ति घंटों तक बाधित रही। इसके अलावा तेज आंधी चलने से शहर में भी घंटों तक बिजली आपूर्ति बाधित रही। उधर, तेज आंधी और बारिश के चलते लोगों को गर्मी से राहत भी मिली है। तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई है। तेज आंधी के कारण कई जगहों पर पेड़ गिर गए तो कई लाइनों पर बिजली के पोल गिर गए। पेड़ व पोल गिरने के कारण बिजली की सप्लाई भी बंद हो गई। बिजली की सप्लाई बंद किए जाने के कारण क्षेत्र में घंटों तक ब्लैक आउट रहा। खेतों में खड़ी गेहूं की फसल भी जमीन पर बिछ गई।



कुरुक्षेत्र। आंधी के कारण सड़क पर गिरा पड़ा पेड़।

### कुरुक्षेत्रः गड्ढे में गिरने से बची हरियाणा रोडवेज बस

■ रोडवेज की बस बोधनी के पास निमार्णाधीन पुलिया के पास फंस गई

**कुरुक्षेत्र।** पिहोवा में पटियाला रोड पर हरियाणा रोडवेज की बस बोधनी गांव के पास निमार्णाधीन पुलिया के पास फंस गई। बस सड़क किनारे और खदान के बीच फंसने के बाद आगे नहीं बढ़ पाई। गनीमत रही कि बस पलटी नहीं, वरना बड़ा हादसा हो सकता था, क्योंकि पुलिया के पास ही गड्ढे में बड़े-बड़े सरिए खड़े थे। इस बस में 30 से ज्यादा यात्री सवार थे। रोडवेज की यह बस कुरुक्षेत्र के पिहोवा सब डिपो की थी, जो पंजाब के पटियाला से पिहोवा के बस स्टैंड के लिए चली थी। बस फंसने के बाद सवारियों को दूसरी बस से उनके गंतव्य की ओर भेजा गया। बाद में बस को क्रेन की मदद से बाहर निकाला गया। कंडक्टर रविंद्र कुमार ने बताया कि ड्राइवर ने बस को धीमी स्पीड में कंट्रोल करने की कोशिश की, लेकिन आगे का टायर नरम मिट्टी में धंस गया। सड़क काफी तंग है और पुलिया का निर्माण कार्य चल रहा है। आसपास कुछ ताजी मिट्टी डाली गई थी, जिसकी वजह से टायर नीचे चला गया। करीब 7 महीने से सड़क पर पुलिया बनाने का काम चल रहा है। कंडक्टर ने बताया कि रास्ता काफी तंग है। ये बात गलत है कि ड्राइवर से ओवरटेक करते हुए यहां बस फंस गई। यहां से ओवरटेक करना मुश्किल है। ड्राइवर ठीक-ठाक स्पीड से बस चला रहा था और उसने किसी व्हीकल को ओवरटेक नहीं किया। रविंद्र ने बताया कि बस के ब्रेक या स्टेयरिंग फेल होने की आशंका है।




कुरुक्षेत्र। बोधनी गांव के पास निमार्णाधीन पुलिया के पास फंसी रोडवेज बस।

---

### एजेंट पर 4.90 लाख की ठगी का आरोप

# रूस में युवक को नौकरी की बजाय जेल में यातनाएं

**सींचेवाल की वजह से मिली रिहाई**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

एक ठग एजेंट ने युवक को विदेश के सुनहरे सपने और लाखों रुपये के वेतन देने का लालच देकर ठग लिया। एजेंट ने युवक को रूस भेजा, जहां नौकरी के बजाय जेल और यातना का सामना करना पड़ा। 25 साल के दीपक को 4.90 लाख रुपये मासिक वेतन का वादा किया गया था लेकिन मॉस्को पहुंचने के बाद उसकी जिंदगी भयावह मोड़ पर आ गई। युवक अप्रैल 2025 में विदेश गया था। वह पिछले सप्ताह ही लौटा है। दीपक के अनुसार दिल्ली से मॉस्को की 6 घंटे की यात्रा को एजेंट ने कई देशों से घुमाते हुए 6 दिनों में पूरा करवाया। मॉस्को पहुंचने पर उसे एक कंपनी में काम पर लगाया गया। एक महीने बाद जब उसने वेतन मांगा, तो पैसे देने के बजाय नौकरी से निकाल दिया गया। बाद में उसे 500 किमी. दूर एक अन्य कंपनी में भेजा गया। वहां भी एक महीने काम करने के बाद उसे 90 हजार रुपये की जगह केवल 5 हजार रुपये ही दिए गए। इस स्थिति में उसके लिए खाने और कमरे का किराया चुकाना भी मुश्किल हो गया।

किराया न दे पाने पर मकान मालिक ने उसका पासपोर्ट छीन लिया और उसे पुलिस के हवाले कर दिया। तीन दिन बाद दीपक को इमिग्रेशन जेल भेज दिया गया, जहां विभिन्न देशों के कैदी बंद थे। सोमवार को युवक ने संत सीचेवाल से मुलाकात की। दीपक ने दावा किया कि इस जेल में लगभग 150 भारतीय युवक भी थे, जिनमें से अधिकांश पंजाब और हरियाणा के थे। संत सीचेवाल के प्रयासों से दीपक को रूस से वापस भारत लाया जा सका।

### केयू के डॉ. अमित कुमार डीसीआरयूएसटी मुरथल के कुलसचिव बने

**कुरुक्षेत्र।** हरियाणा लोक भवन द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के विधि संस्थान में एसोसिएट प्रोफेसर के पद पर कार्यरत प्रो. अमित कुमार को दीनबंधु छोटू राम यूनिवर्सिटी ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी (डीसीआरयूएसटी), मुरथल (सोनीपत) का कुलसचिव नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति तत्काल प्रभाव से लागू होगी। लोक सम्पर्क विभाग के निदेशक प्रो. महासिंह पूनिया ने बताया कि अधिसूचना के अनुसार हरियाणा के राज्यपाल एवं डीसीआरयूएसटी के कुलाधिपति प्रो. असीम कुमार घोष ने हरियाणा सरकार की अनुशंसा पर दीनबंधु छोटूराम यूनिवर्सिटी ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी मुरथल अधिनियम, 2006 की धारा 11(1) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए यह नियुक्ति की है। डॉ. अमित कुमार ने इस नियुक्ति के लिए हरियाणा के राज्यपाल व कुलाधिपति प्रो. असीम कुमार घोष तथा हरियाणा सरकार के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का आभार व्यक्त किया। जो जिम्मेदारी सौंपी गई है, उसे वे पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ निभाने का प्रयास करेंगे तथा विश्वविद्यालय के शैक्षणिक और प्रशासनिक विकास के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य करेंगे।



डॉ. अमित कुमार।

---

### पानीपत में एक ही रात में दो दुकानों में चोरी से दुकानदारों में दहशत

**पानीपत।** शहर के पुराना औद्योगिक थाना क्षेत्र में चोरों ने एक ही रात में दो अलग-अलग स्थानों पर दुकानों को निशाना बनाया। चोरों ने इंडस्ट्रियल एरिया और असंध रोड स्थित दुकानों के ताले तोड़कर करीब 80 हजार रुपये की नकदी पर हाथ साफ कर दिया। दोनों ही मामलों में गल्ले व लॉकर में रखी नकदी लेकर फरार हो गए। पुराना औद्योगिक थाना पुलिस ने दोनों स्थानों पर पहुंचकर साक्ष्य जुटाए हैं। पुलिस आसपास की दुकानों और सड़कों पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है ताकि चोरों की पहचान की जा सके। सेक्टर 25 इंडस्ट्रियल एरिया स्थित मकान नंबर 65 के पास करियाना स्टोर चलाने वाले अमित ने बताया कि दुकान को निशाना बनाया। मौके पर पहुंचने पर पता चला कि चोर दुकान का ताला तोडक़र अंदर घुसे और गल्ले में रखे 50 से 60 हजार रुपये लेकर रफू चक्कर हो गए।

# एजेंसी से स्कूटी चोरी करने का आरोपी सेल्स एजेंट गिरफ्तार

**चोरीशुदा 9 स्कूटी बरामद**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र पुलिस ने वाहन चोरी की वारदात को सुलझाते हुए एजेंसी से स्कूटी चोरी करने के आरोपी सेल्स एजेंट को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक नीतीश अग्रवाल के कुशल मार्ग-दर्शन में अपराध अन्वेषण शाखा-2 टीम ने स्कूटी चोरी करने के आरोपी सेल्स एजेंट हरमनप्रीत सिंह वासी मोहन नगर कुरुक्षेत्र को गिरफ्तार कर चोरीशुदा 9 बरामद करने में सफलता हासिल की है। जानकारी देते हुए पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 14 मार्च को पुलिस को दी अपनी शिकायत में विवेक कुमार वासी मोहननगर कुरुक्षेत्र ने बताया कि वह हर्ष होंडा एजेंसी 100 फूटा रोड कुरुक्षेत्र पर मैनेजर है। 13 मार्च को वह अपनी एजेंसी में दोपहिया वाहनों को चैक कर रहा था। उसे स्टॉक में से कुछ हौंडा एक्टिवा गायब मिली। जिनको कोई नामपता नामालूम चोर चोरी करके ले गया है। उसे शक है कि उनके ही किसी वर्कर ने स्कूटी चोरी की हैं। जिसकी शिकायत पर थाना कृष्णा गेट में मामला दर्ज करके जांच अपराध अन्वेषण शाखा-2 को सौंपी गई। अपराध अन्वेषण शाखा-2 प्रभारी निरीक्षक मोहन के दिशा-निर्देश में टीम ने एजेंसी से स्कूटी चोरी करने के आरोपी सेल्स एजेंट हरमनप्रीत सिंह वासी मोहन नगर कुरुक्षेत्र को गिरफ्तार केर लिया। आरोपी 5 माह से एजेंसी में सेल्स एजेंट के रूप काम कर रहा था। आरोपी से चोरीशुदा 9 स्कूटी बरामद की गई।



### पेट्रोल, डीजल व एलपीजी की प्रदेश में कमी नहीं

**यमुनानगर।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में भाजपा सरकार द्वारा प्रदेश में पेट्रोल, डीजल व एलपीजी की कोई कमी नहीं आने दी जा रही है। प्रदेश में पेट्रोल, डीजल व एलपीजी का पर्याप्त भंडार है। प्रदेश के नागरिकों को इसे लेकर घबराने की जरुरत नहीं है। उक्त शब्द भाजपा की प्रदेश उपाध्यक्ष एवं अंबाला लोकसभा क्षेत्र से पार्टी की प्रत्याशी रही बंतो कटारिया ने सोमवार को शहर में बातचीत करते हुए कहे। भाजपा की प्रदेश उपाध्यक्ष बंतो कटारिया ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग के वरिष्ट अधिकारियों के साथ बैठक कर मिडिल ईस्ट में उत्पन्न युद्ध परिस्थितियों के कारण एलपीजी गैस की आपूर्ति बाधित होने संबंधी फैल रही अफवाहों की स्तिथि पर नजर रखी जा रही है।



बंतो कटारिया

### यमुनानगर के गांव महमूदपुर के पास हुआ हादसा

# कार ने दंपति को मारी टक्कर पत्नी की मौत, पति घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

साढौरा थाना क्षेत्र के गांव महमूदपुर के पास तेज रफ्तार कार ने दंपत्ति को टक्कर मार दी। हादसे में महिला की मौत हो गई जबकि उसका पति घायल हो गया। घायल का इलाज अस्पताल में चल रहा है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने अज्ञात कार चालक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। गांव महमूदपुर निवासी रवि कुमार ने साढौरा थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह 15 मार्च को शाम साढ़े पांच बजे अपनी पत्नी 34 वर्षीय मीनू देवी के साथ किसी काम से जा रहा था। जब वह गांव के बाहर सड़क पर पहुंचे तो तेज गति से आ रही कार ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से वह दोनों घायल हो गए। हादसे के बाद आरोपी कार चालक मौके से फरार हो गया। लोगों ने हादसे की सूचना डायल 112 पुलिस टीम को दी। पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर उन्हें अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां पर इलाज के दौरान उसकी पत्नी मीनू देवी की मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया।




### दो बाइकों की भिड़ंत में घायल युवक की इलाज के दौरान मौत

गांव ललहाड़ी कलां निवासी नरेंद्र ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह गांव में सीमेंट और हार्डवेयर की दुकान चलाता है। 13 मार्च को वह साथी दीपक के साथ बाइक पर व्यासपुर किसी काम से गया था। जब वह गांव मलिकपुर बांगर के पास सोम नदी के पुल के पास पहुंचे, तभी सामने से आ रहे बाइक चालक बलजीत सिंह की बाइक को सीधी टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही बलजीत सिंह सड़क किनारे गिर पड़ा। हादसे में शरीर के कई हिस्सों में गंभीर चोटें आईं। भतीजे को पंजाब के निजी अस्पाल में लेकर गए। जहां इलाज के दौरान देर शाम बलजीत की मौत हो गई।

---

### आयुष विश्वविद्यालय में नेशनल सेमिनार, देशभर से 345 प्रतिभागियों ने लिया हिस्सा

*औषधि कब और कितनी मात्रा में लेनी है, ध्यान देना जरूरी*

# औषधियों के दुष्प्रभाव को नजरअंदाज न करके पूरी जानकारी के साथ करें रिपोर्ट : प्रो. धीमान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र

श्री कृष्ण आयुष विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर वैद्य करतार सिंह धीमान ने कहा कि ऐसा नहीं है कि आयुर्वेदिक औषधियों के दुष्प्रभाव नहीं होते, बल्कि हमने इस विषय पर गंभीरता से कभी ध्यान ही नहीं दिया और रिपोर्ट करने की आदत भी विकसित नहीं कर पाए। यदि किसी औषधि से किसी मरीज को कोई दुष्प्रभाव होता है तो उसके पीछे के कारणों को समझना और उसकी सही रिपोर्टिंग करना बेहद आवश्यक है। वे सोमवार को विश्वविद्यालय के ऑडिटोरियम में आयुर्वेद, सिद्ध, होम्योपैथी एवं यूनानी चिकित्सकों में फामार्कोविजिलेंस के प्रति जागरूकता विषय पर आयोजित नेशनल सेमिनार में बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। इससे पहले भगवान धन्वंतरि जी की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में राष्ट्रीय भारतीय चिकित्सा पद्धति आयोग (एनसीआइएसएम) के आयुर्वेद बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. अल्लमप्रभु गुड्डा ने शिरकत की।



कुरुक्षेत्र। सेमिनार का शुभारंभ करते अतिथिगण। फोटो : हरिभूमि

### औषधि की पहचान और मूल्यांकन महत्वपूर्ण

पहले सत्र में रिसोर्स पर्सन डॉ. तरुण शर्मा ने कहा कि आयुर्वेदिक औषधियों को सामान्यतः सुरक्षित माना जाता है, लेकिन इनके उपयोग के प्रति जागरूकता होना अत्यंत आवश्यक है। किसी भी औषधि की सही पहचान, मूल्यांकन, वैज्ञानिक समझ, उचित दस्तावेजीकरण और रोकथाम की प्रक्रिया बेहद महत्वपूर्ण है। यदि हम औषधियों को गंभीरता से नहीं लेंगे तो उनके दुष्परिणाम सामने आना स्वाभाविक है।

### ये रहे उपस्थित

सेमिनार में आयुष विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. ब्रिजेंद्र सिंह तोमर, डीन एकेडमिक अफेयर्स प्रो. रणधीर सिंह, प्रो. दीप्ति पराशर, प्रोक्टर प्रो. सतीश वत्स, प्रो. जितेश कुमार पंडा, सेमिनार डॉ. सतबीर चावला, प्रो. सीमा रानी, प्रो. आशु, प्रो. रवि राज, प्रो. विदुषी त्यागी, प्रो. रविंद्र अरोड़ा, प्रो. अमित कटारिया, प्रो. शीतल सिंगला, प्रो.सुनीति तंवर, डॉ. सुधीर मलिक, डॉ. आशीष नांदल, डॉ. नेहा लांबा, डॉ. मनीषा खत्री समेत संस्थान के सभी शिक्षक उपस्थित रहे।

### कई वैद्यों ने शोध-पत्र भी प्रस्तुत किए

जबकि रिसोर्स पर्सन के रूप में राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान (एनआईए), जयपुर के सहायक प्रोफेसर एवं आईपीवीसी के कोऑर्डिनेटर डॉ. तरुण शर्मा तथा एनपीवीसी के कोऑर्डिनेटर डॉ. बिधान महाजन ने फामार्कोविजिलेंस विषय पर अपना व्याख्यान दिया। आयुर्वेद अध्ययन एवं अनुसंधान संस्थान के प्राचार्य प्रो. आशीष मेहता ने विश्वविद्यालय पहुंचने पर सभी का आभार जताया। सेमिनार में हरियाणा, पंजाब, यूपी समेत विभिन्न राज्यों से 345 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। यही नहीं, सेमिनार में डॉ. सुनील गोदारा, डॉ. पीयुष चौधरी समेत कई वैद्यों ने अपने शोध-पत्र भी प्रस्तुत किए।

# 5.914 किग्रा. अफीम के साथ तीन महिलाएं व युवक काबू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

एंटी नारकोटिक सेल की टीम ने जगाधरी खारवन रोड से तीन महिलाओं व एक युवक को काबू कर उनके कब्जे से पांच किलो 914 ग्राम अफीम बरामद की है। आरोपियों से बरामद अफीम की कीमत बाजार में करीब 36 लाख रुपये बताई जा रही है। पकड़ी गई तीन महिलाओं में से दो महिलाएं बिहार से अफीम यमुनानगर में सप्लाई करती थी। यहां वह अफीम को अपनी साथी महिला व युवक को सौंपती थी।

पुलिस ने पकड़े गए सभी आरोपियों को अदालत में पेश किया। जहां से उन्हें रिमांड पर लिया गया है। डीएसपी राजीव मिगलानी ने बताया कि सेल के इंचार्ज अनिल कुमार की टीम को सूचना मिली थी कि खारवन रोड पर दो महिलाएं नशीले पदार्थों के साथ घूम रही है। इस सूचना के आधार पर टीम ने मौके पर जाकर वहां घूम रही दोनों महिलाओं को गिरफ्तार किया। मौके पर ड्यूटी मजिस्ट्रेट ईटीओ वीरेंद्र कुमार को बुलाया गया। जिसके सामने पकड़ी गई दोनों महिलाओं की तलाश ली गई तो उनके पास से पांच किलो 914 ग्राम अफीम बरामद हुई। जिसकी बाजार में कीमत करीब 36 लाख रुपए बताई जा रही है। पूछताछ में आरोपी महिलाओं की पहचान बिहार के जिला मोतिहारी के गांव इजरानवादा निवासी नाजरा खातून व तूफान के नाम से हुई। पुलिस मामले की जांच कर रही है।




यमुनानगर। एंटी नारकोटिक सेल की टीम द्वारा पकड़े गए आरोपी।

## खबर संक्षेप

### बारिश व ओलावृष्टि से फसलों को नुकसान



**करनाल।** बरसात और ओलावृष्टि के कारण जिले में किसानों की फसलों को भारी नुकसान हुआ है। भारतीय किसान यूनियन सर छोटूराम ने सरकार से तुरंत गिरदावरी करवाकर किसानों को मुआवजा देने की मांग की है। यूनियन के प्रवक्ता बहादुर मैहला बलड़ी ने कहा कि तेज हवाओं, बारिश और ओलावृष्टि के कारण गेहूं सहित कई फसलें खराब हो गई हैं। कई क्षेत्रों में गेहूं की फसल पूरी तरह गिर गई है, जिससे किसानों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि किसान पहले ही कर्ज के बोझ तले दबा हुआ है और एमएसपी न मिलने से उसे उचित लाभ भी नहीं मिल पाता। ऐसे में प्राकृतिक आपदा ने किसानों की स्थिति और खराब कर दी है। उन्होंने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से मांग की कि तुरंत गिरदावरी करवाई जाए और जिन किसानों की फसलें खराब हुई हैं, उन्हें जल्द मुआवजा दिया जाए।

### रोजगार कार्यालय के लिए भवन की आवश्यकता

**घरौंडा।** सहायक रोजग़ार अधिकारी ने बताया कि रोजगार कार्यालय घरौंडा को कार्यालय संचालन के लिए कम से कम 600 वर्ग फुट के एक निजी भवन की आवश्यकता है। वर्तमान भवन का अनुबंध समाप्त होने के कारण विभाग को नई जगह की तलाश है। भवन का किराया पीडब्ल्यूडी (बीएंडआर) की सरकारी हिदायतों के अनुसार निर्धारित किया जाएगा। इच्छुक मकान मालिक 15 दिनों के भीतर उपमंडल रोजगार कार्यालय, वसुंधरा अकादमी के ऊपर, अलका हॉस्पिटल वाली गली, रेलवे रोड, घरौंडा में या 01748-253500 पर संपर्क कर सकते हैं।

### विस अध्यक्ष की माता की अस्थियां विसर्जित

**करनाल।** हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण सोमवार को अपनी पूजनीय माता प्रेम कौर कल्याण की अस्थियां लेकर धर्मनगरी हरिद्वार पहुंचे। गंगा तट पर विद्वान पंडितों के सान्निध्य में पूरे विधि-विधान और मंत्रोच्चारण के बीच अस्थि विसर्जन की प्रक्रिया संपन्न हुई। इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष सहित परिवार के सभी सदस्य काफी भावुक नजर आए और दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। गौरतलब है कि 87 वर्षीया प्रेम कौर कल्याण का पिछले शुक्रवार रात निधन हो गया था। वे लंबे समय से अस्वस्थ चल रही थीं। उनके निधन पर मुख्यमंत्री नायब सैनी, केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर सहित पक्ष-विपक्ष के तमाम बड़े नेताओं ने गहरा शोक व्यक्त करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की थी।

### देर रात आई आंधी में पेड़ गिरे, बिजली बाधित

**कुरुक्षेत्र।** मौसम का मिजाज रविवार देर रात बदल गया और तेज आंधी के साथ ही जोरदार बारिश हुई। देर रात करीब दो घंटे तक बारिश हुई। तेज आंधी के चलते जिला में कई स्थानों पर पेड़ गिर गए। जिनको दिन काफी मशक्कत के बाद हटाया गया। ग्ा्रमीण इलाकों में पेड़ बिजली की लाइन पर ही गिर गए। जिसके चलते बिजली आपूर्ति घंटों तक बाधित रही।

## भाजपा मधुबन मण्डल में पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण कार्यशाला संपन्न

# राष्ट्र की सेवा को अपना सर्वोच्च कर्तव्य मानकर करें सभी कार्य : कवीन्द्र राणा

ऐसी कार्यशालाएं कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा का संचार करती हैं : कवींद्र राणा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| घरौंडा



भारतीय जनता पार्टी मधुबन मण्डल के गांव कम्बोपुरा में 15 एवं 16 तारीख को दो दिवसीय पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण कार्यशाला का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस महत्वपूर्ण प्रशिक्षण कार्यक्रम में मंडल के सभी मंडल पदाधिकारी, बूथ अध्यक्ष, शक्ति केंद्र प्रमुख तथा संबंधित मंडलों से जुड़े प्रदेश स्तर के पदाधिकारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यशाला के दूसरे दिन पूर्व केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल के प्रतिनिधि कवींद्र राणा,पिछड़ा वर्ग कल्याण बोर्ड की चैयरपर्सन निर्मला बैरागी, रणबीर गौयत,मण्डल अध्यक्ष देवेंद्र शर्मा, जिला महामंत्री सुभाष कश्यप, सतबीर गोस्वामी, अजय राणा, जिला कार्यकारिणी सदस्य राजेश जोगी, सुनील मोहर, मीडिया प्रभारी संदीप लोहट,रामफल सैनी,पार्षद सुभाष काम्बोज विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने यह भी कहा कि इस प्रकार की प्रशिक्षण कार्यशालाएं संगठन को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।पार्टी समय-समय पर इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से कार्यकर्ताओं को वैचारिक और संगठनात्मक रूप से सुदृढ़ बनाती है, जिससे वे समाज के बीच अधिक प्रभावी ढंग से कार्य कर सकें। इस प्रकार की कार्यशालाएँ कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा का संचार करती हैं और उन्हें संगठन के उद्देश्यों को पूर्ण निष्ठा के साथ आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित करती हैं। कार्यक्रम के समापन पर सभी कार्यकर्ताओं ने संगठन को और अधिक सशक्त बनाने तथा समाज के प्रति अपने दायित्वों का निर्वहन पूर्ण समर्पण के साथ करने का संकल्प लिया।अंत में राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन किया। प्रशिक्षण शिविर में मण्डल महामंत्री सतबीर गोस्वामी, अजय राणा, मीडिया प्रभारी संदीप लोहट, रामफल सैनी,राजबाला आदि रहे।

### विचारधारा को जन-जन तक पहुंचा रहा संगठन

कार्यशाला के दूसरे दिन की शुरुआत प्रातः जागरण, योग और खेल गतिविधियों के साथ हुई। इसके बाद दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यशाला में संगठन के समर्पित कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए संगठनात्मक विषयों पर महत्वपूर्ण मार्गदर्शन प्राप्त किया। कार्यक्रम के अंतिम सत्र में केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल के प्रतिनिधि कवींद्र राणा ने कार्य विस्तार हमारी दृष्टि विषय पर उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता संगठन की मजबूती की आधारशिला है। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन करते हुए आह्वान किया कि वे संगठन की विचारधारा को जन-जन तक पहुँचाने के लिए निरंतर सक्रिय रहें तथा समाज की सेवा को अपना सर्वोच्च कर्तव्य मानकर कार्य करें।

### भाजपा एक विचार आधारित संगठन

सातवें सत्र में रणबीर गौयत ने भाजपा के इतिहास और विकास विषय पर बोलते हुए बताया कि भाजपा 2 सांसदों से पूर्ण बहुत की सरकार बनी ये कार्यकर्ताओं की मेहनत का फल है। इस प्रकार के प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य समय-समय पर कार्यकर्ताओं को संगठनात्मक रूप से सशक्त बनाना, उन्हें पार्टी की विचारधारा से और अधिक जोड़ना तथा संगठन के कार्यों को प्रभावी ढंग से आगे बढ़ाने के लिए तैयार करना था। कार्यशाला के दौरान विभिन्न वक्ताओं ने संगठन की कार्यप्रणाली, बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करने की रणनीति, कार्यकर्ताओं की भूमिका तथा जनसेवा के माध्यम से समाज के हर वर्ग तक पार्टी की नीतियों और उपलब्धियों को पहुंचाने के विषय पर विस्तार से अपने विचार व्यक्त किए। वक्ताओं ने अपने संबोधन में कहा कि भारतीय जनता पार्टी एक विचार आधारित संगठन है जिसकी सबसे बड़ी शक्ति उसके समर्पित और सक्रिय कार्यकर्ता हैं।



### 24 मार्च की जन आक्रोश रैली को किया जनसंपर्क

**करनाल।** भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) की हरियाणा राज्य कमेटी की ओर से 24 मार्च को दिल्ली के रामलीला मैदान में होने वाली राष्ट्रीय जन आक्रोश रैली को लेकर करनाल जिले में जनसंपर्क अभियान चलाया गया। माकपा के विशेष जत्थे ने असंध ब्लॉक के गांव जयसिंहपुर, कुडलन, मन्चूरी, गुल्लरपुर और प्योत सहित कई गांवों का दौरा कर जनसभाएं आयोजित कीं। सभाओं में ग्रामीणों ने जत्थे का स्वागत किया और बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। सभाओं को संबोधित करते हुए पार्टी के राज्य सचिव कामरेड प्रेमचंद, जगमति सागवान, जगपाल राणा और जगमाल सिंह ने केंद्र व राज्य सरकार की नीतियों की आलोचना करते हुए किसान, मजदूर और आम जनता से जुड़े मुद्दों को उठाया। उन्होंने बीज विधेयक 2026 और बिजली निजीकरण को वापस लेने, बीमा क्लेम की राशि किसानों को देने तथा मजदूरों के लिए पुराने श्रम कानून बहाल करने की मांग की। नेताओं ने लोगों से अपील की कि वे अपने अधिकारों के लिए 24 मार्च को दिल्ली के रामलीला मैदान में होने वाली रैली में बड़ी संख्या में शामिल हों।




### रिटायर्ड कर्मचारी संघ की बैठक में की चर्चा

**करनाल।** रिटायर्ड कर्मचारी संघ की ब्लॉक मुनक इकाई की बैठक परशुराम धर्मशाला में खंड प्रधान शिवचरण की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक का संचालन खंड सचिव डॉ. रणदीप श्योराण ने किया। बैठक में कोरोना काल के दौरान रोके गए 18 माह के महंगाई भत्ते का भुगतान ब्याज सहित करने की मांग उठाई गई। इसके साथ ही किसानों को फसलों का न्यूनतम समर्थन मूल्य सुनिश्चित करने का मुद्दा भी प्रमुखता से रखा गया। डॉ. रणदीप श्योराण और बिशन सिंह ने बताया कि संघ की अगली बैठक चार अप्रैल को भगत सिंह चौक गगसीना में आयोजित की जाएगी। इस अवसर पर संगठन को मजबूत करने के लिए सदस्यता बढ़ाने, साथियों के लंबित कार्यों को लिखित रूप में लाने और कर्मचारियों के अधिकारों के लिए आवाज बुलंद करने पर भी चर्चा की गई। बैठक में प्रताप सिंह, महेंद्र मान, सुरेंद्र रावत, हुकम सिंह, मनोहर लाल, यशपाल कालरम, बलराज सिंह सहित अनेक सदस्य मौजूद रहे।

# जनसुनवाई में महापौर ने सुनीं शहरवासियों की समस्याएं

- अधिकारियों को त्वरित समाधान के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल



नगर निगम कार्यालय में सोमवार को आयोजित जनसुनवाई के दौरान महापौर रेनू बाला गुप्ता ने शहरवासियों की समस्याएं सुनीं और कई मामलों का मौके पर ही समाधान करवाया।

महापौर ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि नागरिकों की शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया जाए, ताकि आमजन को परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होंने नागरिकों से भी अपील की कि वे अपनी शिकायत लिखित रूप में और मोबाइल नंबर के साथ लेकर आएं, ताकि समाधान होने के बाद उनसे फीडबैक लिया जा सके।

उन्होंने निगम अधिकारियों को सड़कों के गड्ढे भरने, सीवरेज चोक, बरसाती पानी की पाइपलाइन, जलापूर्ति और स्ट्रीट लाइट से संबंधित शिकायतों का शीघ्र समाधान करने के निर्देश दिए। साथ ही प्रॉपर्टी आईडी में डाटा दुरुस्त करने का कार्य भी तय समय में पूरा करने को कहा। महापौर ने शहरवासियों से स्वच्छता बनाए रखने में सहयोग करने की अपील की। उन्होंने बताया कि कूड़ा-कचरा दिखाई देने पर स्वच्छता सेतू एप, स्वच्छता एप या ई-समाधान पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई जा सकती है। सीवरेज व जलापूर्ति संबंधी शिकायत के लिए टोल फ्री नंबर 14420 तथा स्ट्रीट लाइट खराब होने पर 0184-2200600 पर शिकायत दर्ज करवाई जा सकती है।


### 18 को गढ़ी बीरबल में कांग्रेस की रैली

**करनाल।** इंद्री के पूर्व विधायक राकेश कांबोज के नेतृत्व में 18 मार्च को गांव गढ़ी बीरबल में कांग्रेस की रैली आयोजित की जाएगी, जिसमें सांसद दीपेंद्र हुड्डा विशेष रूप से शिरकत करेंगे। रैली की तैयारियों को लेकर उचाना के सरपंच सत्यपाल चौहान की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई, जिसमें क्षेत्र के कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। बैठक में रैली को सफल बनाने और अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने पर चर्चा की गई। सरपंच सत्यपाल चौहान ने कहा कि रैली को लेकर कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों में काफी उत्साह है और सभी लोग सांसद दीपेंद्र हुड्डा का जोरदार स्वागत करने के लिए तैयार हैं। बैठक में कांग्रेस सेवादल जिला अध्यक्ष अनिल शर्मा, प्रदेश महासचिव जसवीर पानू, प्रदेश सचिव बलजीत चौहान, जिला महासचिव गुरमीत सिंह, श्रवण कुमार, तरुण चौहान आदि रहे।

# सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रहा : डॉ. चौहान

- प्रशिक्षण महाअभियान में कार्यकर्ताओं को दी योजनाओं की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| निसिंग/करनाल



हरियाणा ग्रामीण विकास संस्थान के निदेशक एवं भाजपा प्रवक्ता डॉ. वीरेंद्र सिंह चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में सरकार समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास और जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए लगातार काम कर रही है।

वे निसिंग मंडल में पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान 2026 के तहत आयोजित कार्यक्रम में पार्टी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं को संबोधित कर रहे थे। डॉ. चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत देश के 81 करोड़ से अधिक लोगों को निःशुल्क राशन मिल रहा है। वहीं 12.75 लाख रुपये तक की आय पर शून्य आयकर की व्यवस्था से मध्यम वर्ग को राहत मिली है। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष मनसा सिंह (जॉनी राणा), मंडल उपाध्यक्ष सरदार प्रताप सिंह, संयोजक सुरेंद्र टाया, मंडल प्रभारी सुमन नरवाल, रोहित राणा सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।



### शेखपुरा सुहाना के किसानों के धरने को सीटू और माकपा का समर्थन, डटे रहने का किया आह्वान

करनाल। सीटू, जनवादी महिला समिति और कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) के संयुक्त प्रतिनिधिमंडल ने गांव शेखपुरा सुहाना में रिंग रोड से गांव के लिए रास्ता देने की मांग को लेकर चल रहे किसान यूनियन के धरने का समर्थन किया। प्रतिनिधिमंडल में शामिल नेताओं ने सरकार से मांग की कि गांव शेखपुरा सुहाना में रास्ते की समस्या का तुरंत समाधान किया जाए। किसान सभा के जिला सचिव कामरेड अशोक कुमार, सीटू जिला सचिव सतपाल सैनी और ओमप्रकाश सिहमार ने कहा कि किसान यूनियन पिछले कई महीनों से इस मांग को लेकर धरना दे रही है, लेकिन सरकार और प्रशासन इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं।किसान यूनियन के जिला उपप्रधान सुरेंद्र सांगवान ने कहा कि यदि रिंग रोड से गांव को रास्ता नहीं मिला तो ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। उन्होंने सरकार और जिला प्रशासन से जल्द समाधान की मांग की।

# व्यापारियों के हितों के लिए सरकार का सराहनीय कदम : सुभाष गुप्ता

- आढ़तियों के खातों में 56 .97 करोड़ रुपये जारी होने से मंडी व्यापारियों को मिली बड़ी राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तरावड़ी

हरियाणा प्रदेश सरकार द्वारा अनाज मंडियों में कार्यरत आढ़तियों के हित में बड़ा फैसला लेते हुए 11,199 आढ़तियों के बैंक खातों में 56.97 करोड़ रुपये की राशि जारी की गई है। इस फैसले से प्रदेश की मंडियों में कार्यरत व्यापारियों और आढ़तियों को बड़ी राहत मिली है। य प्रधान सुभाष गुप्ता ने एक प्रेस बयान जारी कर दी। सुभाष गुप्ता ने बताया कि प्रदेश की अनाज मंडियों में विभिन्न फसलों की सरकारी खरीद आढ़तियों के माध्यम से की जाती है और इस प्रक्रिया में आढ़तियों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। लंबे समय से लंबित राशि को जारी करने की मांग को लेकर प्रदेश के व्यापारिक संगठनों द्वारा सरकार के समक्ष अपनी बात रखी गई थी। म सुभाष गुप्ता ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का धन्यवाद व्यक्त करते हुए कहा कि सरकार का यह कदम मंडी व्यापारियों के लिए बेहद लाभकारी साबित होगा और इससे प्रदेश की मंडियों में व्यापारिक माहौल और अधिक मजबूत होगा। इस अवसर पर मंडी के कई व्यापारी एवं आढ़ती भी मौजूद रहे और सभी ने सरकार के इस निर्णय का स्वागत किया।

### किसान व व्यापारी वर्ग की हितैषी है सरकार

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने व्यापारियों की समस्या को गंभीरता से लेते हुए तुरंत इस पर संज्ञान लिया और राशि जारी करने के आदेश दिए। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा आढ़तियों के खातों में यह राशि जारी करने से मंडियों में आर्थिक गतिविधियों को गति मिलेगी और व्यापारियों को भी काफी राहत प्राप्त होगी। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार किसान, मजदूर और व्यापारी वर्ग के हितों की रक्षा के लिए निरंतर कार्य कर रही है।

# रेलवे स्टेशन पर साइबर क्राइम के प्रति किया जागरूक

- पुलिस ने लोगों को साइबर ठगी से बचाव के बताए उपाय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

करनाल पुलिस द्वारा साइबर राहगिरी के तहत साइबर सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसके अंतर्गत पुलिस टीमें रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड व अन्य सार्वजनिक स्थानों पर पहुंचकर आमजन को साइबर अपराधों से बचने के तरीके बता रही हैं।

इसी कड़ी में थाना साइबर क्राइम की टीम ने उप निरीक्षक चांद के नेतृत्व में सिपाही लोकेश और योगेश के साथ रेलवे स्टेशन व बस स्टैंड पर लोगों को जागरूक किया। पुलिस टीम ने बताया कि साइबर अपराधी लुभावने ऑफर, फर्जी लिंक और कॉल के माध्यम से लोगों को ठगी का शिकार बनाते हैं। पुलिस ने लोगों को सलाह दी कि किसी भी अनजान लिंक पर क्लिक न करें और अपनी बैंक डिटेल, ओटीपी व अन्य निजी जानकारी किसी के साथ साझा न करें। साथ ही सोशल मीडिया और ऑनलाइन बैंकिंग खातों के पासवर्ड समय-समय पर बदलते रहें। पुलिस ने बताया कि यदि किसी के साथ साइबर ठगी होती है तो तुरंत साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 या 112 पर शिकायत दर्ज कराएं अथवा नजदीकी पुलिस थाने की साइबर हेल्प डेस्क पर संपर्क करें, ताकि समय रहते ठगी गई राशि को फ्रीज कराया जा सके।

# पराली से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली और कार में हुई भिड़ंत

- शादी समारोह में जा रहा था परिवार व्यापारियों को मिल
- बाल-बाल बचे एक ही परिवार के 5 लोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

जिले के काछवा फ्लाईओवर पर एक भीषण सड़क हादसा होने का समाचार प्राप्त हुआ है। यहाँ पराली से ओवरलोड एक ट्रैक्टर-ट्रॉली और कार के बीच जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार के एयरबैग खुल गए और वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। गनीमत यह रही कि कार में सवार एक ही परिवार के पांचों सदस्यों को कोई गंभीर चोट नहीं आई और एक बड़ा हादसा टल गया। पीड़ित परिवार के सदस्यों ने बताया कि वे कैथल से अपनी कार में सवार होकर एक शादी समारोह में शामिल होने जा रहे थे। जैसे ही वे काछवा फ्लाईओवर पर पहुंचे, आगे चल रही पराली से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली के चालक ने लापरवाही बरतते हुए वाहन को बीच सड़क पर चलाया हुआ था। कार चालक ने जैसे ही ओवरटेक करने का प्रयास किया, दोनों वाहनों के बीच भिड़ंत हो गई। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है।

### पिहोवा-पटियाला मार्ग पर बड़ा हादसा टला

**कुरुक्षेत्र।** पिहोवा में पटियाला रोड पर हरियाणा रोडवेज की बस बोधनी गांव के पास निमार्णाधीन पुलिया के पास फंस गई। बस सड़क किनारे और खदान के बीच फंसने के बाद आगे नहीं बढ़ पाई। गनीमत रही कि बस पलटी नहीं, वरना बड़ा हादसा हो सकता था, क्योंकि पुलिया के पास ही गड्ढे में बड़े-बड़े सरिए खड़े थे। इस बस में 30 से ज्यादा यात्री सवार थे। रोडवेज की यह बस कुरुक्षेत्र के पिहोवा सब डिपो की थी, जो पंजाब के पटियाला से पिहोवा के बस स्टैंड के लिए चली थी। बस फंसने के बाद सवारियों को दूसरी बस से उनके गंतव्य की ओर भेजा गया। बाद में बस को क्रेन की मदद से बाहर निकाला गया। कंडक्टर रविंद्र कुमार ने बताया कि ड्राइवर ने बस को धीमी स्पीड में कंट्रोल करने की कोशिश की।

## शहीद उधम सिंह राजकीय महाविद्यालय में हुआ कार्यक्रम

# डा. रमेश की सृजनात्मक लेखन पुस्तक का विमोचन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| इंद्री



इंद्री। शहीद उधम सिंह रकॉलेज इंद्री में पुस्तक का विमोचन करते प्राध्यापक।

शहीद उधम सिंह राजकीय महाविद्यालय मटक माजरी इंद्री में हिंदी विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. रमेश कुमार रोहिल्ला द्वारा लिखित पुस्तक सृजनात्मक लेखन का विमोचन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. महेंद्र सिंह बागी तथा कॉलेज काउंसिल के सदस्य डॉ. सुरेन्द्र सिंह, डॉ. रणबीर सिंह मथाना, डॉ. राजकुमार सिसोदिया और डॉ अनिला ने संयुक्त रूप से पुस्तक का लोकार्पण किया। प्राचार्य डॉ. महेंद्र सिंह बागी ने कहा कि सृजनात्मक लेखन जैसी पुस्तकें विद्यार्थियों की अभिव्यक्ति क्षमता को विकसित करने में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में विद्यार्थियों के लिए रचनात्मक लेखन का अभ्यास अत्यंत आवश्यक है, क्योंकि इससे उनकी कल्पनाशक्ति, भाषा दक्षता और अभिव्यक्ति का विकास होता है। उन्होंने डॉ. रमेश कुमार रोहिल्ला को इस महत्त्वपूर्ण उपलब्धि के लिए बधाई देते हुए कहा कि उनकी यह पुस्तक विद्यार्थियों के लिए एक उपयोगी मार्गदर्शक सिद्ध होगी।

### 16 पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी

लेखक डॉ. रमेश कुमार रोहिल्ला हिंदी भाषा और साहित्य के समर्पित सृजनशील लेखक हैं। हिंदी के विविध आयामों पर उनका गहन अध्ययन और सतत लेखन उन्हें समकालीन हिंदी जगत में विशिष्ट पहचान प्रदान करता है। अब तक उनकी 16 पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं, जिनमें हिंदी भाषा, हिंदी साहित्य, हिंदी साहित्य शास्त्र, हिंदी व्याकरण, राजभाषा प्रविधि एवं प्रयोग, संप्रेषण कौशल तथा यूजीसी नेट-जेआरएफ परीक्षा से संबंधित विषयों पर आधारित पुस्तकें शामिल हैं। रह उनकी 17वीं पुस्तक है। उनकी पुस्तकों में विषय की गहराई, सरल प्रस्तुति और शोधपरक दृष्टि के लिए विशेष रूप से सराही जाती हैं। सृजनात्मक लेखन पुस्तक विशेष रूप से बी.ए. के दूसरे सेमेस्टर के विद्यार्थियों को ध्यान में रखकर लिखी गई है। इस पुस्तक में रचनात्मक लेखन की विभिन्न विधाओं जैसे कहानी, कविता, संवाद, निबंध तथा अन्य साहित्यिक अभिव्यक्तियों को सरल और व्यावहारिक ढंग से प्रस्तुत किया गया है।

इसके माध्यम से विद्यार्थी अपनी लेखन प्रतिभा को निखार सकते हैं तथा साहित्यिक अभिव्यक्ति के क्षेत्र में नई संभावनाओं को विकसित कर सकते हैं। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रोफेसर डॉ. अनीता, डॉ मीनाक्षी, डॉ. अमन मलिक आदि उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप



### हनी ट्रैप मामले में दो अन्य आरोपी गिरफ्तार

**पानीपत।** थाना समालखा पुलिस टीम ने हनी ट्रैप मामले में रविवार को और दो आरोपियों सोनीपत के आहुलाना निवासी रणबीर व गन्नौर निवासी सतबीर को रविवार शाम को गिरफ्तार किया। समालखा थाना प्रभारी सब इंस्पेक्टर गुलशन ने बताया कि पुलिस ने सोमवार को दोनों आरोपियों को पूछताछ के बाद माननीय न्यायालय में पेश किया जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत जेल भेज दिया। महिला आरोपी मनीषा को पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। पुलिस टीम ने आरोपी मनीषा को जबरन वसूली के 1 लाख रुपये लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया था।

### विजेंद्र बराड़ बने एचपीसी एससी यूनियन के प्रधान

**पानीपत।** हरियाणा पावर कॉर्पोरेशन अनुसूचित जाति जनजाति एवं पिछड़े वर्ग कर्मचारी यूनियन का 36वां द्विवार्षिक प्रतिनिधि सम्मेलन राम सिंह कटारिया चेयरमैन की अध्यक्षता में श्री गुरु रविदास धर्मशाला में सम्पन्न हुआ। सर्वसम्मति से विजेंद्र सिंह बराड़ को राज्य प्रधान, राज कुमार माहला को वरिष्ठ उप प्रधान, राजेश सिरोही को महासचिव, विजेंद्र भाटिया को राज्य मुख्य संगठक, राज पाल सोलरा को राज्य प्रेस सचिव, संदीप चौहान को राज्य वित्त सचिव और प्रदीप रंगा को राज्य ऑडिटर आगामी दो वर्षों के लिए पदों पर चुना गया।

ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी नेशनल युवा महोत्सव में

**राष्ट्रीय मंच: आर्य कॉलेज के सितारों का जलवा**

# 12 पुरस्कार जीत कर देशभर में बढ़ाया हरियाणा का मान

- यह केवल कॉलेज की नहीं, बल्कि पूरे हरियाणा और कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय की जीत है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

तमिलनाडु के सत्यभामा इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी डीम्ड विश्वविद्यालय में 10 से 14 मार्च तक आयोजित ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी नेशनल युवा महोत्सव में आर्य कॉलेज के विद्यार्थियों ने कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व करते हुए इतिहास रच दिया है। कॉलेज की टीम ने कुल 12 पुरस्कारों के साथ ओवरऑल तृतीय स्थान हासिल कर अपनी श्रेष्ठता सिद्ध की। आज कॉलेज के प्रांगण में विजेता प्रतिभागियों का कॉलेज की प्रबंधक समिति के उपाध्यक्ष वीरेंद्र शिंगला, कोषाध्यक्ष पीयूष आर्य व कॉलेज प्राचार्य प्रो.डॉ.जगदीश गुप्ता ने स्वागत करते हुए विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कॉलेज प्रबंधन के अध्यक्ष सुरेंद्र शिंगला ने कहा कि यह केवल कॉलेज की नहीं, बल्कि पूरे हरियाणा और कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय की जीत है। सांस्कृतिक कार्यक्रमों के निदेशक डॉ.रामनिवास ने कहा कि नेशनल लेवल पर प्रतिस्पर्धा का स्तर बहुत कठिन था, लेकिन हमारे विद्यार्थियों का प्रोसेशन से लेकर क्लासिकल डांस तक का प्रदर्शन त्रुटिहीन रहा। डांस में ओवरऑल चैंपियन बनना हमारी सबसे बड़ी उपलब्धि रही।




पानीपत। पुरस्कारों व विजेता विद्यार्थियों के साथ प्रबंधक समिति के पदाधिकारी व प्राचार्य प्रो.डॉ.जगदीश गुप्ता। फोटो : हरिभूमि

### सीना गर्व से चौड़ा हो गया: गुप्ता

प्राचार्य प्रो.डॉ.जगदीश गुप्ता ने कहा की आज मेरा सीना गर्व से चौड़ा हो गया है। हमारे विद्यार्थियों ने कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व करते हुए यह साबित कर दिया कि आर्य कॉलेज प्रतिभाओं की खान है। यह जीत उन सभी शिक्षकों और मेंटर्स की है जिन्होंने दिन.रात इनके साथ मेहनत की।

### विद्यार्थियों ने कॉलर ऊंचा कर दिया: शिंगला

उपाध्यक्ष वीरेंद्र शिंगला ने कहा कि आज कॉलेज के विद्यार्थियों ने मेरा कॉलर उंचा कर दिया है। राष्ट्रीय स्तर पर 12 पुरस्कार जीतना कोई छोटी बात नहीं है।

**ये रहे मौजूद**

इस अवसर पर उपाचार्या डॉ. अनुराधा सिंह, डॉ. विजय सिंह, डॉ. नीलु खालसा, प्राध्यापिका आस्था गुप्ता, डॉ. सोनिया सोनी, डॉ. मनीषा ढुढेजा, प्राध्यापक विवेक गुप्ता, प्राध्यापक पंकज चौधरी, अकरम खान, दीक्षा नंदा, विकेंद्र आदि मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप



### राजाखेड़ी में 6वां वार्षिक गोकृपा आशीर्वाद समारोह आयोजित

**पानीपत।** गांव राजाखेड़ी में धूमधाम से महावीर स्वामी गोधाम गोशाला राजाखेड़ी का 6वां वार्षिक गोकृपा आशीर्वाद समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्यातिथि शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा के बड़ भाई हरपाल ढांडा, मेयर कोमल सैनी, श्री राधाकृष्ण गोशाला भैंसवाल के प्रधान राजीव जैन व अतिविशिष्ट अतिथि अनीश मलिक रिसालू, रामपाल जांगड़ा, सुभाष जैन राजाखेड़ी, जयपाल मलिक निम्बरी, राज मलिक, शौर्यवीर कादियान, सुशील जैन जिले सिंह मलिक ने शिरकत की। अध्यक्षता राजीव जैन ने की। अतिथियों का गोशाला कमेटी के प्रधान बलबीर मलिक व कमेटी के सदस्यों ने पगड़ी, माला व पटका पहनाकर स्वागत व स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया। मुख्य अतिथि हरपाल ढांडा ने कहा कि गोसेवा सबसे बड़ी सेवा है और हिंदू धर्म में गौमाता को सबसे बड़ा स्थान दिया गया इसलिए हमें गोसेवा के लिए हमेशा तन मन धन से तैयार रहना चाहिए।



### मेयर कोमल सैनी ने अधिकारियों को बैठक में दिए जल आपूर्ति व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश

**पानीपत।** आगामी गर्मियों में बढ़ती पेयजल मांग को ध्यान में रखते हुए नगर निगम महापौर कोमल सैनी ने नगर निगम के जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों की एक महत्वपूर्ण बैठक लेकर शहर की जल आपूर्ति व्यवस्थाओं की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में कार्यकारी अभियंता रूपेश कुमार, निगम अभियंता वीरेंद्र मलिक सहित सभी कनिष्ठ अभियंता उपस्थित रहे। मेयर कोमल सैनी ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि गर्मी के मौसम में शहरवासियों को पानी की किसी प्रकार की समस्या न हो, इसके लिए सभी आवश्यक तैयारियां समय रहते पूरी कर ली जाएं। जिन क्षेत्रों में पेयजल की कमी की संभावना है, वहां प्राथमिकता के आधार पर नए ट्यूबवेल लगाए जाएं और पुराने ट्यूबवेलों की मरम्मत, साफ. सफाई एवं रखरखाव सुनिश्चित किया जाए।



### प्रभू का जाप पावन बुद्धि से करें : स्वामी दयानंद

**पानीपत।** श्री संत द्वारा हरि मन्दिर सेठी चौक के प्रांगण में नव विक्रमी सम्वत 2083 के उपलक्ष्य पर श्री 1008 स्वामी दयानन्द सरस्वती जी महाराज मुरथल वाले की अध्यक्षता में चार दिवसीय संत समागम कार्यक्रम के प्रथम दिन महाराज श्री ने प्रवचन करते हुए कहा कि जब तक बुद्धि पावन और पवित्र न हो तो तब तक परमात्मा का प्राकट्य नहीं होता। जब नवरात्रों में व्यक्ति व्रतादि से अपनी बुद्धि पवित्र करता है तो श्री रामनवमी पर राम जी का प्राकट्य होता है। सनातन संस्कृति किसी की बनाई नहीं अपितु अनादि है। इससे पूर्व कलानौर से पधारे 108 महन्त भाई रामसुख दास जी महाराज ने भजन सुनाए। इस अवसर पर रमेश चुघ प्रधान, हरनाम चुघ, उत्तम आहूजा, ईश्वर लाल रामदेव, किशोर रामदेव, दर्शन रामदेव, अमन रामदेव, ओम प्रकाश चौधरी, गोबिन्द लाल चुघ, तिलक राज चुघ, पवन चौधरी, भूषण नन्दा, जितेन्द्र जुनेजा, धर्मवीर नन्दवानी, गुलशन नन्दवानी, कर्म सिंह रामदेव, गोल्डी बांगा, अमर वधवा, सुरेन्द्र जुनेजा, हरनारायण जुनेजा, सुर सम्राट लेखराज जताना व श्याम लाल सपड़ा आदि उपस्थित रहे।



### आईबी कॉलेज में मार्केटिंग क्रॉनिकल्स प्रतियोगिता आयोजित

**पानीपत।** आईबी पीजी कॉलेज में वाणिज्य एवं प्रबंधन विभाग द्वारा मार्केटिंग क्रॉनिकल्स प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। प्राचार्य डॉ.सतवीर सिंह ने कहा कि आज के प्रतिस्पर्धात्मक परिवेश में विपणन केवल उत्पादों के प्रचार का माध्यम नहीं, बल्कि उपभोक्ता के साथ विश्वास और दीर्घकालिक संबंध स्थापित करने की प्रक्रिया है। वाणिज्य एवं प्रबंधन विभागाध्यक्ष डॉ.सुनित शर्मा ने कहा कि मार्केटिंग क्रॉनिकल्स का उद्देश्य विद्यार्थियों को सैद्धांतिक ज्ञान से आगे बढ़ाकर व्यावहारिक अनुभव प्रदान करना है। विद्यार्थियों ने विभिन्न ब्रांड्स की आरंभिक यात्रा से लेकर वर्तमान तक की रणनीतियों का जिस गंभीरता से विश्लेषण किया है वह अत्यंत सराहनीय है।

### यूजीसी व महाराणा प्रताप जयंती को लेकर राजपूत समाज की बैठक 19 को

**पानीपत।** अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष व हरियाणा के पूर्व कैबिनेट मंत्री के प्रधान सचिव रहे सतपाल राणा ने कहा है कि 19 मार्च को राजपूत धर्मशाला सेक्टर 6 पानीपत में हरियाणा से राजपूत समाज के लोग इका होंगे और उसमें यूजीसी काला कानून और वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की जयंती प्रदेश में कहां पर मनाई जाएगी के बारे में विचार विमर्श करेंगे। राणा ने कहा है कि यूजीसी का काला कानून जो कि केंद्र सरकार लेकर के आई है। इसका पूरे हरियाणा में बहिष्कार किया जाएगा और इस प्रदेश क्षत्रिय सम्मेलन में भारतीय जनता पार्टी की सत्ता में बैठे लोगों को नहीं बुलाया जाएगा। यूजीसी के काले कानून के विरोध में प्रदेश सत्र पर एक कमेटी का गठन किया जाएगा। कमेटी के संरक्षण में पूरे प्रदेश भर में इस कानून का विरोध किया जाएगा और आने वाली महाराणा प्रताप जयंती पर सत्ता में बैठे किसी भी नेता को आमंत्रण नहीं दिया जाएगा।

### फैक्टरी में चोरी करने वाले गिरोह के दो आरोपी काबू, 6 वारदातों को खुलासा

**पानीपत।** सीआईए टू पुलिस टीम ने फैक्टरी से मशीन व लोहे का सामान चोरी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़ कर दो आरोपियों को काबू किया है। पुलिस ने रविवार शाम को दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पूछताछ में आरोपियों से 6 वारदातों का खुलासा हुआ है। आरोपियों की पहचान इदगाह कॉलोनी हाल कुलदीप नगर निवासी तेजपाल उर्फ डिस्को व गांव खंडरा हाल कुलदीप नगर निवासी बिटटू के रूप में हुई है। सीआईए टू प्रभारी इंस्पेक्टर वीरेंद्र ने बताया कि थाना पुराना औद्योगिक में माडल टाउन निवासी आशीष अग्रवाल पुत्र सुरेंद्र ने पुलिस को दी शिकायत में बताया था उसकी भारत नगर में जगदंबा पोली फैब के नाम से फैक्टरी है। गत 12 मार्च की शाम को वह फैक्टरी को लॉक कर घर चला गया था। 13 मार्च को सुबह फैक्टरी आकर देखा गेट का ताला टूटा हुआ था। अंदर जाकर देखा होल मारने की एक छोटी मशीन, मोटर ड्राइव, प्लास्टिक पत्ती से भरा कट्टा और सुतली से भरा एक कट्टा नहीं मिला। थाना पुराना औद्योगिक में आशीष अग्रवाल की शिकायत पर अभियोग दर्ज कर पुलिस ने आरोपियों की पहचान व धरपकड़ के प्रयास शुरू कर दिए थे। इंस्पेक्टर वीरेंद्र ने बताया कि उनकी टीम ने फैक्टरी के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरा फुटेज को खंगाला जिसमें दो संदिग्ध युवक दिखे। पुलिस टीम ने सभी सोर्स एक्टिव कर रविवार शाम को कुलदीप नगर में गढ़ी सिंकरदपुर रोड पर दो आरोपियों इदगाह कॉलोनी हाल कुलदीप नगर निवासी तेजपाल उर्फ डिस्को व गांव खंडरा हाल कुलदीप नगर निवासी बिट्टू को काबू किया। पूछताछ में दोनों आरोपियों ने चोरी की उक्त वारदात को अंजाम देना स्वीकारा। आरोपियों ने पूछताछ में पुलिस को बताया उन दोनों ने फैक्टरी से चोरी की छोटी मशीन राह चलते अज्ञात कबाड़ी को 1500 रुपये में बेचकर पैसे खर्च कर दिए और बचा सामान घर में छुपाकर रखा है।

# युवाओं के बिना कोई कार्य पूर्णतया सफल नहीं हो सकता : प्रदीप गिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

इनेलो युवा कार्यकर्ताओं की एक महत्वपूर्ण बैठक जाटल रोड बाईपास स्थित देशवाल पेट्रोल पंप पर आयोजित की गई। जिसमें आगामी 23 मार्च शहीदी दिवस पर नरवाना में आयोजित होने वाली रैली को ऐतिहासिक और सफल बनाने को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में युवाओं को अधिक से अधिक संख्या में रैली में भाग लेने और लोगों को जोड़ने का आह्वान किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता प्रदीप गिल ने कहा कि 23 मार्च का दिन देश के महान शहीदों की कुर्बानी को याद करने का दिन है। उन्होंने कहा कि शहीदों के आदर्शों पर चलकर ही देश और समाज को मजबूत बनाया जा सकता है। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे गांव-गांव जाकर लोगों को रैली के लिए प्रेरित करें और इस कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाएं। उन्होंने कहा कि कोई भी कार्य युवाओं के बगैर पूर्णतया सफल नहीं हो सकता। वहीं बैठक में उपस्थित युवा नेताओं ने अपने विचार रखते हुए कहा कि युवा इनेलो के कार्यकर्ता पूरी मजबूती के साथ शहीदी दिवस रैली को सफल बनाने के लिए काम करेंगे और अधिक से अधिक युवाओं को इस कार्यक्रम से जोड़ेंगे। मंच संचालन एडवोकेट वैभव देशवाल द्वारा किया गया।



पानीपत। इनेलो की बैठक में मंचासीन प्रदीप गिल व अन्य । फोटो : हरिभूमि

**ये रहे मौजूद**

इस अवसर पर रणबीर देशवाल, पूर्व विधायक भरत सिंह छोकर, राजपाल टूर्रण, रामकुमार नंबरदार, मनोज जौरासी, युवा जिलाध्यक्ष अमन मांडी, महेंद्र सिंह, कपिल काबड़ी व अमित नारा आदि मौजूद रहे।

### पारदर्शी व जवाबदेह शासन की मिसाल बना जनता समाधान शिविर : डीसी

**पानीपत।** जिला सचिवालय में आज आयोजित शिविर में 20 नागरिक अपनी शिकायतें लेकर पहुंचे। शिविर के दौरान कई समस्याओं का मौके पर ही समाधान किया गया, जिससे नागरिकों के चेहरे पर संतोष और विश्वास साफ झलकता नजर आया। शिविर में उपायुक्त डॉ. वीरेन्द्र कुमार दहिया स्वयं मौजूद रहे और उन्होंने नागरिकों की समस्याओं को गंभीरता से सुना। इस दौरान उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि हर शिकायत का समाधान प्राथमिकता और संवेदनशीलता के साथ किया जाए, ताकि किसी भी नागरिक को अपनी समस्या के समाधान के लिए भटकना न पड़े। उपायुक्त डॉ. दहिया ने कहा कि हरियाणा सरकार का जनता समाधान शिविर कार्यक्रम सुशासन और जवाबदेह प्रशासन की दिशा में एक सशक्त और प्रभावी पहल है। इन शिविरों ने लोगों के मन में विश्वास पैदा किया है कि सरकार उनकी समस्याओं के समाधान के लिए पूरी संवेदनशीलता और जिम्मेदारी के साथ काम कर रही है। शिविर में यशपाल ने वीवर्स कॉलोनी में सरकारी जमीन पर हो रहे अवैध कब्जों को हटाने के लिए प्रशासन से कार्रवाई की मांग की। इस अवसर पर सीएम विंडो के एमिनेंट पर्सन कृष्ण आर्य और सुरेंद्र जोगी ने भी शिविर की प्रक्रिया का अवलोकन किया और सरकार की इस पहल की सराहना की। शिविर के दौरान डीएचओ संदीप, डीएसपी सुरेश सैनी, डिप्टी सीएमओ दिव्या साहनी, कृषि विभाग के कार्यकारी अभियंता सुधीर, डिस्टिलरी मैनेजर विपिन ढाका, पुलिस कंप्लेंड अधिकारी सुरेश सरोहा, संजीव शर्मा, कोच सुषमा ,जोगिंदर सिंह, रमेश सहित कई अधिकारी और शिकायतकर्ता मौजूद रहे।



### दादा 26 साल से लापता, पोते की रिपोर्ट दर्ज करने की गुहार

**पानीपत।** उपमण्डल के गांव बुढनपुर में एक अनोखा मामला सामने आया है, जहां एक पोता अपने उन दादा की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए दर-दर भटक रहा है, जो करीब 26 साल पहले रहस्यमय परिस्थितियों में लापता हो गए थे। अब जमीन के कानूनी हक और इंतकाल की प्रक्रिया को पूरा करने के लिए परिवार को इस आधिकारिक रिपोर्ट की आवश्यकता पड़ रही है। पोते ने मामले की शिकायत पुलिस को दी है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर ग्रामीणों से बातचीत की और इसके बाद गुमशुदगी दर्ज कर ली है। गांव बुढनपुर निवासी बलविन्द्र सिंह ने उपमण्डल अधिकारी समालखा को सौंपी दरखास्त में बताया कि उनके दादा रणजीत सिंह वर्ष 1999.2000 के दौरान अचानक घर से लापता हो गए थे।

### श्रीराम सेवा दल के शिविर में जांची 102 मरीजों की आंखें

**पानीपत।** श्रीराम सेवा दल द्वारा संचालित राजन चावला मेमोरियल डिस्पेंसरी स्थित श्री राम धर्मशाला बरसत रोड नूरवाला में अर्पणा अस्पताल मधुबन, करनाल के अनुभवी नेत्र रोग विशेषज्ञ डा.स्तुति गर्ग व उनकी टीम के साथ नेत्र जांच शिविर लगाया गया। शिविर में 102 व्यक्तियों की आंखों की जांच की गई। जिसमें 12 व्यक्तियों के मोतियाबिंद के ऑपरेशन योग्य पाया गया। इन व्यक्तियों को मधुबन अर्पणा अस्पताल में मोतियाबिंद के ऑपरेशन के लिए ले जाकर जांच उपरान्त आपरेशन किये जोयेगें तथा इन व्यक्तियों के रहने, खाने, पीने, भोजन आदि का प्रबंध हस्पताल करेगा। वहीं अब डिस्पेंसरी में सप्ताह के प्रत्येक मंगलवार शाम को 4 से 6 बजे तक शिशु रोग विशेषज्ञ डा. दिनेश वशिष्ठ तथा सोमवार व वीरवार को एमडी मैडिसन डा.सुनील गिरधर भी अपनी सेवाएं दे रहे हैं। इस अवसर पर प्रधान हरबंस आन्नद, महासचिव गौरव छोकरा, उपप्रधान सुन्दर लाल वधवा, श्याम सुन्दर ग्रोवर, रामसरूप चावला, राकेश आन्नद, अविनाश, तिलक राज छोकरा, राजन छोकरा, कमल छाबड़ा, सुनील, पूरण चन्द, सुनील, सुमित वधवा, हितेश आंनद व राधेश्श्याम पाहूजा आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।



### आरव ओवरसीज में आगजनी से भारी नुकसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

सिवाह चौटाला रोड स्थित आरव ओवरसीज में गत रात करीब 12 बजे लगी आग से भारी नुकसान हो गया। बताया जा रहा है कि आगजनी बिजली के शार्ट सर्किट की वजह से लगी। आग लगने की सूचना मिलते ही दमकल की कई गाडियां मौके पर पहुंची तथा काफी मशक्त के बाद आगजनी की घटना पर काबू पाया। गनीमत यह रही की कोई जानी नुकसान नहीं हुआ।



### डिजिटल मोड में होगी जनगणना 2027 : एसडीएम मनदीप कुमार

**पानीपत।** भारत सरकार के गृह मंत्रालय के अधीन रजिस्ट्रार जनरल एवं जनगणना आयुक्त, भारत द्वारा आयोजित जनगणना 2027 की तैयारियों के तहत आज जिला सचिवालय के द्वितीय तल स्थित सभागार में आज प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजित किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में एसडीएम मनदीप कुमार ने उपस्थित अध्यापकों और अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि सभी प्रतिभागी प्रशिक्षण को गंभीरता से लें और आगे के कार्य में निष्ठा व ईमानदारी के साथ अपनी जिम्मेदारी निभाएं। उन्होंने कहा कि जनगणना एक महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य है, जिसमें सभी की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है। प्रशिक्षण कार्यक्रम में एसडीएम ने जनगणना प्रक्रिया, डिजिटल उपकरणों के उपयोग और डाटा संग्रहण से संबंधित महत्वपूर्ण निर्देश भी दिए। जिला जनगणना अधिकारी ब्रिज मोहन शर्मा ने भी जनगणना 2027 के विभिन्न पहलुओं की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस बार जनगणना पहली बार डिजिटल मोड में कराई जाएगी। जनगणना दो चरणों में पूरी की जाएगी। पहले चरण में हाउस लिस्टिंग ऑपरेशन और हाउसिंग जनगणना 1 मई से 15 मई 2027 तक होगी।




### बिजली कर्मचारियों का धरना 21वें दिन भी जारी

**पानीपत।** बिजली विभाग के कर्मचारियों की लंबित समस्याओं का समाधान न होने से आक्रोश चरम पर पहुंच गया है। गत 24 फरवरी से लगातार धरना प्रदर्शन कर रहे कर्मचारियों ने आज 21वां दिन भी रोष प्रकट किया, लेकिन जायज मांगों पर कोई कार्रवाई न होने से रोष बढ़ता जा रहा है। मुख्य मांगों में सोनू एलडीसी की गलत सस्पेंशन रद्द करना और नए एएलएम की प्रोविजनल वेतन भुगतान शामिल हैं। कर्मचारियों ने चेतावनी दी है कि यदि कोई कार्य अवरुद्ध होता है तो एक्सईएन जिम्मेदार होगा। धरने की अध्यक्षता यूनिट प्रधान मनदीप आर्य ने की जबकि मंच संचालन सचिव विनय रावल ने किया। कर्मचारियों ने मंगलवार को रोष प्रदर्शन का ऐलान किया है।

**खेल**

प्रशांत ने 92.95 किलोग्राम भारवर्ग में स्वर्ण पदक हासिल किया

# एसडी कॉलेज के प्रशांत ने पेनचाक सिलाट में झटका गोल्ड

- पेनचाक सिलाट में सफलता का राज लचीलेपन और ताकत में : डॉ .अनुपम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

एसडी पीजी कॉलेज के खिलाडी ने आल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी पेनचाक सिलाट चैंपियनशिप 2026 में गोल्ड मेडल झटक कर कॉलेज और जिले का मान बढ़ाया है। प्रशांत ने 92.95 किलोग्राम भारवर्ग में स्वर्ण पदक हासिल किया है। वहीं प्रशांत का कॉलेज पहुंचने पर स्वागत एसडी पीजी कॉलेज प्रधान दिनेश गोयल, प्राचार्य डॉ.अनुपम अरोड़ा, शारीरिक शिक्षा विभागाध्यक्ष डॉ.सुशीला बेनीवाल, प्रो. नीलम, प्रो.पूजा, प्रो.आनंद, प्रो.अंकुश मलिक और अन्य प्राध्यापकों ने किया। कॉलेज प्रधान दिनेश गोयल ने कहा कि खेलों में भाग लेने के हमें अनेकों फायदे मिलते हैं। इससे हमारा रूप और व्यक्तित्व बनता और निखरता है।



पानीपत। विजेता खिलाड़ी को सम्मानित करते प्राचार्य डॉ.अनुपम अरोड़ा व अन्य ।फोटो : हरिभूमि

**खिलाड़ियों की उपलब्धि अत्यंत गौरवपूर्ण**

प्राचार्य डॉ.अनुपम अरोड़ा ने कहा कि इन खिलाड़ियों की उपलब्धि अत्यंत गौरवपूर्ण है। इनकी जीत से न सिर्फ ये सभी खिलाड़ी जीवन में सफलता की सीढ़ियां चढ़ेंगे बल्कि इनसे दूसरे विद्यार्थियों को भी भरपूर प्रेरणा मिलेगी। प्रशांत ने मेडल प्राप्त कर के एक नई बुलंदी को छुआ है। पेनचाक सिलाट में शामिल खेल लचीलेपन, सजगता, ताकत, धीरज और चपलता की मांग करते हैं।

**ये रहे मौजूद**

इस अवसर पर स्टाफ सदस्यों में प्रो.प्रवीण आर खेरडे, डॉ.संगीता गुप्ता, प्रो. नीलम, प्रो.पूजा, प्रो.आनंद, कोच अंकुश व दीपक मित्तल आदि मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### रिहायशी भवन से गहने व दो लाख की नकदी चोरी

**अंबाला।** देवी नगर में शादी समारोह में गए एक परिवार के बंद मकान में चोरी हो गई। शादी के बाद परिवार घर लौटा तो सोने और चांदी के आभूषण व दो लाख रुपये गायब थे। बलदेव नगर थाना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी। पीड़ित देवी नगर के राजिंद्र कुमार ने बताया कि वह मजदूरी करते हैं। वह परिवार के साथ शादी समारोह में गए थे। 14 मार्च की सुबह वापस लौटे तो घर का मुख्य दरवाजा खुला था। सारा सामान बिखरा व अलमारी के ताले टूटे थे।

### माता बाला सुंदरी मंदिर की सुरक्षा बढ़ाने की मांग

**मुलाना।** सिंबला गांव के पास से दो किलो विस्फोटक के साथ तीन आरोपी पकड़े गए थे। आरोपियों से पूछताछ में सामने आया है कि उन्होंने माता बाला सुंदरी मंदिर मुलाना की रेकी की थी। इससे मंदिर कमेटी चिंतित है। इस मुद्दे को लेकर कमेटी सदस्यों की बैठक बुलाई गई। बैठक में नवरात्र मेले में मंदिर की सुरक्षा के लिए कड़े कदम उठाने पर विचार किया गया। पूर्व सरपंच नरेश चौहान ने बताया कि एसपी अजीत शेखावत से मंदिर कमेटी सदस्य जल्द मुलाकात कर मंदिर में सुरक्षा बढ़ाने के लिए लिखित मांग पत्र सौंपेंगे।

### प्रशिक्षण कार्यक्रम की हुई शुरूआत

**अंबाला।** राष्ट्रीय बागवानी अनुसंधान एवं विकास प्रतिष्ठान द्वारा एकीकृत बागवानी विकास मिशन हरियाणा सरकार के अंतर्गत प्याज एवं लहसुन की उन्नतशील प्रजातियां, उत्पादन तकनीकी एवं कटाई उपरांत प्रबंधन विषय पर पांच दिवसीय किसान प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरूआत कृषि विज्ञान केंद्र, तेपला में की गई। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. जसविंदर सिंह, उपनिदेशक कृषि, एवं डॉ. उपासना सिंह, सीनियर कोऑर्डिनेटर एवं हेड विशेष रूप से पहुंचे।

### सात गांवों में खरीदी जाएगी जमीन

**अंबाला।** अंबाला शहर के साथ लगते गांव पट्टी शेखां, सिंघावाला, नसीरपुर, कांवला, मटेडी जट्टान सौंडा, व उगाड़ा में हरियाणा सरकार द्वारा ई-भूमि पोर्टल के द्वारा जमीन की खरीद की जाएगी। हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण के स्टेट ऑफिसर एवं एसडीएम अम्बाला शहर दर्शन कुमार की अध्यक्षता में पंचायत भवन में एक बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न गांवों के किसान मौजूद रहें।

### ठगी मामले में आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना साइबर क्राइम पुलिस ने लाखों रूपये की ठगी करने के मामले में अकाउंट होल्डर को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान रमजान वासी बुलंदशहर यूपी के रूप में हुई है। आरोपी के खाते में साइबर ठगी के पैसे ट्रांसफर हुए थे। 4 जनवरी 2025 को सुखजिंद्र सिंह की शिकायत पर थाना साइबर क्राइम में धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया गया था। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया था कि आरोपी ने उसके पास एक फाइल भेजी और उसका मोबाइल हैक करके उसके खाते से लगभग 4 लाख रूपये तो ठगे ही साथ ही उसके नाम पर बैंक से 5 लाख का लोन भी करवा लिया।

# लघु सचिवालय के खंडहर हो चुके भवन का होगा निर्माण मिलेगी राहत



**विभाग ने 34.57 करोड़ रुपये के नए टेंडर आमंत्रित 18 को खुलेगा टेंडर**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अंबाला शहर स्थित लघु सचिवालय परिसर के अधूरे पड़े प्रशासनिक ब्लॉक के काम को पूरा करने के लिए लोक निर्माण विभाग ने तैयारी कर ली है। पिछली निविदा में एक ठेकेदार के हिस्सा लेने के कारण कार्य आदेश जारी नहीं किए थे। इसके बाद दोबारा निविदा जारी करके एजेंसियों से जानकारी मांगी गई थी। अब यह निविदा 18 मार्च को खोली जाएगी। इसके आधार पर ही एजेंसी का निर्धारण होगा। कार्य आदेश जारी होने के बाद एजेंसी को शेड्यूल भी दिया जाएगा ताकि समय पर काम पूरा हो सके। लंबे से समय से विभाग और निर्माण एजेंसी के बीच छिड़े कानूनी विवाद के चलते करीब 26.83 करोड़ रुपये का यह प्रोजेक्ट खंडहर में तब्दील होता जा रहा था। करोड़ों रुपये खर्च होने के बावजूद केवल 40 फीसदी काम ही पूरा हो पाया था। दस्तावेजों के अनुसार, निर्माण का जिम्मा जींद की फर्म मेसर्स गर्ग एंड कंपनी को दिया गया था लेकिन काम की कछुआ चाल और आपसी विवाद के बाद मामला हाईकोर्ट और फिर आर्बिट्रेशन सेंटर पहुंचा। विभाग ने कड़ा रुख अपनाते हुए 19 नवंबर 2024 को एजेंसी के साथ हुआ करार रद्द कर दिया था। अब यह मामला चंडीगढ़ सेशन कोर्ट में विचाराधीन है, जिसकी अगली सुनवाई 24 अप्रैल 2026 को होनी तय है।

#### अब तक 23.99 करोड़ रुपये खर्च किए जा चुके

विभाग ने संबंधित एजेंसी को 10,15,82,466 रुपये की रिकवरी का नोटिस भी थमा दिया है। विभाग का दावा है कि एजेंसी पर यह राशि बकाया है जिसे वसूलने के लिए प्रक्रिया तेज कर दी गई है। शुरुआत में इस प्रोजेक्ट की प्रशासनिक मंजूरी करीब 78.94 करोड़ रुपये की थी, जिसमें से अब तक 23.99 करोड़ रुपये खर्च किए जा चुके हैं। बचे हुए काम के लिए विभाग ने 41.23 करोड़ रुपये का नया तकनीकी अनुमान तैयार किया था और इसके आधार पर नई निविदा भी जारी की थी। छह मंजिला इस इमारत में शहर के महत्वपूर्ण कार्यालय शिफ्ट होंगे। इसकी बेसमेंट में पार्किंग की सुविधा मिलेगी। इसके ग्राउंड फ्लोर पर एसडीएम और तहसीलदार कार्यालय होंगे। इसी प्रकार प्रथम तल पर डीसी कार्यालय और कॉन्फ्रेंस हॉल, दूसरे फ्लोर पर एडीसी कार्यालय व पब्लिक कैंटीन, तीसरे फ्लोर पर एसपी कार्यालय और चौथे तल पर पुलिस विभाग के सभी कार्यालय होंगे। कार्यकारी अभियंता रितेश ने बताया कि अधूरे काम को पूरा करने के लिए विभाग ने 34.57 करोड़ रुपये के नए टेंडर आमंत्रित किए हैं। आगामी 18 मार्च को ये टेंडर प्राप्त किए जाएंगे।

### जनगणना को लेकर अधिकारियों की ओर से किए जा रहे कार्य की निदेशक ने की समीक्षा

# देश में एक साथ होगी जनगणना घरों के साथ जनसंख्या की भी होगी गणना

**देशभर में जनगणना का प्रथम चरण 1 मई से 30 मई तक चलाया जाएगा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

केंद्र सरकर के जनगणना विभाग के निदेशक डॉ. ललित जैन ने सोमवार को उपायुक्त कार्यालय में जनगणना से संबंधित किए जा रहें कार्यो एवं गतिविधियों की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस मौके पर उनके साथ उपायुक्त अजय सिंह तोमर, एसडीएम दर्शन कुमार, एसडीएम विनेश कुमार, एसडीएम शिवजीत भारती, एसडीएम सतिंद्र सिवाच, नगर निगम के संयुक्त आयुक्त पुनीत कुमार, नगराधीश अभिषेक गर्ग व जनगणना विभाग के जिला समन्वय अधिकारी विकास बजाज, अतिरिक्त निदेशक चचंल राजावत भी मौजूद रहे। निदेशक डॉ ललित जैन ने इस मौके पर बैठक की अध्यक्षता करते हुए जनगणना के कार्य की सराहना करते हुए कहा कि इस पूरे कार्य को अमलीजामा पहनाने के लिए जिन जिन अधिकारियों एवं कर्मचारियों को दायित्व सौंपा गया है वे इस कार्य को पूरी पारदर्शिता के साथ करना सुनिश्चित करें ताकि भविष्य मे केंद्र व राज्य सरकारों की जो भी योजनाएं बनाई जाए उसमें सुगमता हो सकें। लोगों को इन योजनाओं का लाभ भी और बेहतर तरीके से मिल सकें। उन्होनें बताया कि इस बार पूरे देश के साथ-साथ एक साथ जनगणना का प्रथम चरण 1 मई से 30 मई तक चलेगा और इस बार की जनगणना मोबाइल ऐप के माध्यम से की जाएगी। कार्य के तहत सभी आंकड़ों स्निंक होते रहेंगे। जनगणना कार्य के निष्पादन एवं संचालन में अधिसूचित सभी अधिकारियों का सीएमएसएस पोर्टल पर पंजीकरण अनिवार्य किया गया हैं।



अंबाला। मीटिंग में मौजूद जनगणना व प्रशासनिक अधिकारी।

#### ये रहे मौजूद

इस मौके पर उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने भी निदेशक जनगणना को आवश्स्त किया कि जिला में जनगणना से जुड़ी टीम बेहतर कार्य करते हुए इसे समयबद्ध तरीके से करवाना सुनिश्चित करेंगी। उन्होंने नगर निगम व नगर परिषद् के अधिकारियों को कहा कि इस कार्य के लिए वे वार्ड वाइज शिविर लगाना सुनिश्चित करें। इस मौके पर डीआरओ राजेश ख्यालिया, ईओ नगर परिषद् देवेंद्र नरवाल, जिला शिक्षा अधिकारी सुधीर कालड़ा, डीआईपीआरओ धर्मेंद्र कुमार, जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी ज्योति सभ्रवाल, तहसीलदार अदित्या रंगा भी मौजूद रहे।

#### जनगणना कार्य के सफल संचालन के लिए जागरूकता, प्रशिक्षण व जनसहयोग पर जोर

जैन ने इस मौके पर यह भी बताया कि भारत सरकार के जनगणना विभाग द्वारा जहां जनगणना का कार्य किया जाता है वहीं जन्म और मृत्यु दर का जो आंकड़ा होता है उसे तैयार करने के साथ-साथ बाहर से जो नागरिक आता है उसे नागरिकता देने का काम किया जाता हैं। उन्होंने बताया कि पूरे देश में एक साथ जनगणना का कार्य होगा, जिसमें दो चरणों में कार्य होगा, जिसमें प्रथम चरण में घरों की गणना व दूसरे चरण में जनसंख्या की गणना शामिल है। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस कार्य के लिए जो हिदायतें एवं नियम है उसकी पालना करते हुए कार्य को पूरा करना हैं। उन्होंने यह भी कहा कि जनगणना से जुड़े कार्य के लिए प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है ताकि कार्य से जुड़ी कोई भी सवाल हो तो उसका हल करते हुए कार्य को पूरा करें। इस कार्य के लिए राष्ट्रीय स्तर पर ट्रेनर तथा मास्टर ट्रेनर काम कर रहे हैं और जिला स्तर पर फील्ड ट्रेनर इस कार्य को करना सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने कहा कि जिले ने इस कार्य के तहत अभी तक बेहतर प्रदर्शन किया है। इस कार्य की ड्यूटी से जुड़े अधिकारी व अन्य का इस कार्य में अहम योगदान होगा। उन्होंने इस मौके पर जिला शिक्षा अधिकारी के साथ-साथ जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी को भी कहा कि जनगणना के कार्य के तहत वे व्यापक प्रचार प्रसार जारी रखे ताकि आमजन को जनगणना के कार्य की सम्पूर्ण जानकारी मिल सकें और जब भी जनगणना से जुड़े अधिकारी या कर्मचारी इस कार्य के लिए उनके पास जाते है तो वे इस कार्य को करने में अपना सहयोग देकर कार्य को बेहतर तरीके से संपन्न करवा सकें। उन्होनें जिला शिक्षा अधिकारी को यह भी कहा कि वह स्कूलों में भी इस कार्य बारे विद्यार्थियों को जागरूक करवाएं, जिसमें कोई प्रतियोगिता या अन्य गतिविधियां शामिल हो। मकसद जनगणना बारे ज्यादा से ज्यादा लोग जागरूक हो और वे इस कार्य को करवाने हेतू वे अपना अहम योगदान दें सके।

## भैंस चोरी के दौरान बुजुर्ग की हत्या करने वालों का नहीं लगा सुराग

- पंजाब के कई इलाकों में रेड कर रही है पुलिस, वारदात से पहले आरोपियों ने चोरी के कैंटर का बदला था रंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुलाना

कालपी गांव में भैंस चोरी का विरोध करने पर जय दयाल की हत्या और एक बुजुर्ग को घायल करने की वारदात के चार दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस के हाथ मुख्य आरोपियों तक नहीं पहुंचे हैं। जांच में एक चौंकाने वाला खुलासा हुआ है कि चोरों ने वारदात के दौरान जिस कैंटर का इस्तेमाल किया था, उसका रंग चोरी करने से पहले ही बदल दिया गया था। पुलिस अब आरोपियों की धरपकड़ के लिए पंजाब के कुछ इलाकों में दबिश दे रही है।

भैंस चोर गिरोह बेहद शातिर है। उन्होंने भागते समय जिस कैंटर को गांव में ही छोड़ दिया था, छानबीन में पता चला कि अपराधियों ने उसे नारायणगढ़ से दो माह पहले चोरी किया था। इस्तेमाल करने से पहले पेंट बदल लिया था ताकि पुलिस उसकी पहचान न कर सके। पुलिस अब अलग-अलग शहरों में भैंस चोरी की वारदातों का पता लगा रही है कि कहीं कैंटर में भैंस चोरी हुई है ताकि उस वारदात से कोई सुराग मिल सके। बता दें कि कालपी गांव में 12 मार्च की रात को भैंस चुराने के लिए 3 से 4 नकाबपोश बदमाशों ने डंडे व गंडासी से पहले एक पशुपालक जय दयाल की हत्या कर उसकी दो भैंसे चुरा ली। दूसरे बाड़े में चोरी करते पकड़े जाने पर बुजुर्ग राम रत्न पर एक के बाद एक 10 वार कर भाग गए। जैसे ही आरोपी कैंटर में दो भैंसे लेकर भाग रहे थे तो उनका कैंटर अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गया। रात के अंधेरे का फायदा उठाकर बदमाश कैंटर छोड़कर फरार हो गए थे।

## दसवीं की परीक्षा देने के बाद किशोरी लापता, पुलिस ने दर्ज किया केस

*अंबाला। गांव रामपुर सरसेहड़ी से एक 16 वर्षीय किशोरी संदिग्ध परिस्थितियों में लापता होने का मामला सामने आया है। 10वीं कक्षा की परीक्षाएं दे चुकी यह किशोरी 13 मार्च को अचानक घर से बिना बताए कहीं चली गई थी। पुलिस को दी शिकायत में व्यक्ति ने बताया कि बेटी के लापता होने के बाद परिजनों ने अपने स्तर पर दो दिनों तक सभी रिश्तेदारों और संभावित ठिकानों पर उसकी तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। इसके बाद उन्होंने महेश नगर थाना पुलिस को मामले की सूचना दी। शिकायतकर्ता पिता ने बताया कि उनकी चार संतानों में यह दूसरे नंबर की बेटी है, जो अचानक लापता हो गई। लापता होने के समय किशोरी ने काले रंग की टी-शर्ट, सुरमई (ग्रे) रंग का लोअर और पैरों में हवाई चप्पल पहनी हुई थी। उसका रंग गोरा बताया गया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए महेश नगर थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस की टीमें अब आसपास के क्षेत्रों में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही हैं और किशोरी के दोस्तों व जानकारों से पूछताछ कर सुराग जुटाने का प्रयास कर रही हैं।*

## विज के जन्मदिन पर मिले फूलों के गुलदस्तों से महकेंगे घर



अंबाला। मंत्री को जन्मदिन पर मिले गुलदस्ते ले जाते कर्मचारी।

**अंबाला।** ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज के 15 मार्च को जन्मदिन के अवसर पर उन्हें हजारों लोगों द्वारा भेंट किए गए फूलों के गुलदस्तों का सार्थक उपयोग करते हुए उनकी सुगंधित अगरबत्ती बनाई जाएगी जोकि लोगों के घरों में महकेगी। सोमवार सुबह एसडी विद्या स्कूल से कर्मियों के सुपुर्द सभी गुलदस्ते किए गए जिनकी अगरबत्ती बनाई जाएगी। पत्रकारों से बातचीत के दौरान ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने कहा कि कल उनके जन्मदिन पर बहुत बड़ी संख्या में लोग झूमते, नाचते, गाते व ढोल बजाते हुए उन्हें जन्मदिन की मुबारकबाद देने आए थे।



## पंजाब विवि में पर्यावरण संरक्षण पर सेमिनार

**चंडीगढ़।** पंजाब विश्वविद्यालय के युवा कल्याण विभाग द्वारा पर्यावरण संरक्षण गतिविधि, चंडीगढ़ के सहयोग से "युवाओं में सामाजिक जिम्मेदारी एवं पर्यावरण नैतिकता को बढ़ावा" विषय पर एक दिवसीय सेमिनार-कम-वर्कशॉप का आयोजन राजीव गांधी कॉलेज भवन ऑडिटोरियम में किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत 'जलांजलि' कार्यक्रम से हुई, जो पर्यावरण संरक्षण को समर्पित था तथा पंजाब के प्रसिद्ध पर्यावरण प्रेमी और समाजसेवी भगत पूरन सिंह की स्मृति को समर्पित रहा। इसके बाद पर्यावरण गीत के माध्यम से युवाओं और उपस्थित जनसमूह को प्रकृति संरक्षण के लिए प्रेरित किया गया। पंजाब यूनिवर्सिटी की आयोजन समिति ने मुख्य अतिथि प्रो. हरमोहीन्दर सिंह बेदी (कुलपति, सेंट्रल यूनिवर्सिटी ऑफ हिमाचल प्रदेश), श्रीमती प्रोफेसर गुरनाम बेदी,श्री परवीन कुमार (संयोजक, पर्यावरण संरक्षण गतिविधि, पंजाब), प्रोफेसर राकेश शारदा, प्रोफेसर तोमर, प्रोफेसर नमिता,तथा अन्य अतिथियों का स्वागत किया।

## सब्जी एवं फल मंडी का चेयरमैन ने किया दौरा

*बिगड़ी सफाई व्यवस्था दिखे नाखुश,कैंटीन,बूथ और बाथरूम निर्माण के स्थान किए तय*

- मंडी में होने वाले विभिन्न विकास कार्यों को लेकर चर्चा की गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



अंबाला। मंडी का मुआयना करते चेयरमैन।

अंबाला शहर मार्केट कमेटी बोर्ड के चेयरमैन जसविंदर सिंह ने सोमवार काके सब्जी एवं फल मंडी का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने मंडी की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया और अधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक भी की।

बैठक के दौरान मंडी में होने वाले विभिन्न विकास कार्यों को लेकर चर्चा की गई तथा कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। चेयरमैन जसविंदर सिंह ने मंडी में सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। मंडी परिसर में गंदगी देख उन्होंने नाराजगी व्यक्त की और संबंधित अधिकारियों को कड़े शब्दों में सफाई व्यवस्था तुरंत दुरुस्त करने के निर्देश दिए। इस मौके पर मंडी में बनने वाली कैंटीन, बाथरूम और बूथ के लिए उपयुक्त स्थान भी निर्धारित किए गए, ताकि व्यापारियों और मंडी में आने वाले लोगों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करवाई जा सकें। चेयरमैन जसविंदर सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व और पूर्व मंत्री असीम गोयल के प्रयासों से अंबाला की मंडी में व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने के लिए लगातार काम किया जा रहा है।

# अवैध कॉलोनी में निर्माण किया ध्वस्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

जिला नगर योजनाकार के दस्ते द्वारा अर्बन एरिया के गांव आनंदपुर जलबेड़ा, में लगभग 2 एकड़ लगभग में विकसित की जा रही अवैध कॉलोनी में तोड़फोड़ की कार्रवाई की। इस कार्रवाईर क दौरान अवैध कॉलोनी में बनी हुई कच्ची सडक़ को पूर्ण रूप से धवस्त कर दिया गया। मौका पर ड्यूटी मजिस्ट्रेट कम जिला नगर योजनाकार रोहित चौहान, कनिष्ठ अभियंता रविंद्र, एसएचओ इंफोर्समेंट भारी पुलिस बल के साथ उपस्थित थे। जिला नगर योजनाकार रोहित चौहान ने आमजन से अपील की है कि भूमालिक व प्रोपट्री डीलर ऐसी कॉलोनियों के रेगूलर होने का झांसा देकर धोखे से लोगों को प्लाट बेच रहे हैं। यह पूरी तरह से गैरकानूनी है। उन्होंने लोगों से कहा कि वे इस प्रकार से किसी भी झांसे में न आएं। उन्होंन इन अवैध कॉलोनियों में प्लाट न खरीदने तथा किसी भी प्रकार का निर्माण न करने के प्रति चेताया तथा बताया कि ऐसी कॉलोनियों में अवैध निर्माण करना पूरी तरह से गैरकानूनी है।



अंबाला। अवैध कॉलोनी में हुए निर्माण को ध्वस्त करती जेसीबी।

### एसए जैन स्कूल के नन्हें छात्रों ने शिक्षा से ब्रेक लेकर पार्क में बिताया दिन

# हर्बल पार्क में पिकनिक के दौरान नन्हें छात्रों ने की मस्ती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अंबाला शहर क एसए जैन सीनियर मॉडल स्कूल के नर्सरी विंग ने सोमवार को हर्बल पार्क में अपने छात्रों के लिए एक शानदार पिकनिक का आयोजन किया। इस यात्रा की योजना बहुत सोच-समझकर बनाई गई थी, ताकि नन्हे-मुन्नों को उनकी रोज़मर्रा की दिनचर्या से एक ताज़गी भरा ब्रेक मिल सके और वे प्रकृति की शांति और सुंदरता का अनुभव कर सकें। छोटे बच्चों ने पूरे उत्साह के साथ हरे-भरे वातावरण को घूमा और प्रकृति का बारीकी से अवलोकन करके तथा उसके साथ घुल-मिलकर अनुभव-आधारित शिक्षा प्राप्त की। यह सैर ज्ञानवर्धक होने के साथ-साथ मनोरंजक भी साबित हुई; इसने बच्चों में जिज्ञासा जगाई और उन्हें बाहरी दुनिया की सुंदरता की सराहना करना सिखाया। यह अवसर तब और भी यादगार बन गया, जब छात्रों ने पार्क में अपनी 'बाय-बाय पार्टी' (विदाई समारोह) मनाई।



अंबाला। पिकनिक के दौरान नन्हे छात्रों के साथ शिक्षिकाएं।

#### छात्रों ने बनाई मीठी यादें

वातावरण बच्चों की हंसी, उत्साह और आपसी मेलजोल से गूंज उठा; बच्चों ने अपने साथियों के साथ मिलकर खूब मस्ती की और कई प्यारी यादें बनाईं। छात्रों के बीच नाश्ता भी बांटा गया, जिसका उन्होंने अपने दोस्तों के साथ खुशी के पल सांझा करते हुए खूब आनंद लिया। बच्चों की खिलखिलाती मुस्कान और आंखों में झलकते उत्साह ने सचमुच इस दिन को बेहद खास और अविस्मरणीय बना दिया। प्रबंध समिति के सदस्यों प्रधान रजत जैन, उपाध्यक्ष डॉ. विनीत जैन, सचिव हितेश जैन, मैनेजर रितेश जैन, कोषाध्यक्ष सुनील जैन,प्रबंधक समिति के सलाहकार रविकांत जैन , प्राचार्या डॉ. रेनू गहलावत के साथ मिलकर इस पहल की सराहना की।